


सूर्योदय प्रातः 6:21 सूर्यास्त संध्या 5:04 पखवाड़ा मार्गशीर्ष शु. द्वादशी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 21° न्यूनतम 08°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 12 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 297, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




# संघीय ढांचे की स्वस्थ परम्परा को आगे बढ़ायेगी सरकार : राज्यपाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए सबसे पहले सत्र में मौजूद सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद संतोष गंगवार ने विधानसभा चुनाव जीत कर आये नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा कि आप में से कई सदस्य पूर्व में भी विधानसभा के सदस्य रहे हैं, जबकि कई सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे हैं। इस विधानसभा में अनुभवी और नये सदस्यों का समागम हुआ है। सबको मिल कर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाओं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### गंगवार ने कहा

- विधानसभा में अनुभवी और नये सदस्यों का समागम
- आदर्श परम्पराओं और कीर्ति को मिल कर बढ़ाना है आगे
- जनभावनाओं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप करना है कार्य

### विधानसभा सत्र में 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**झारखंड** विधानसभा के छठे सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 दिसम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र करे राज्य सरकार : झारखंड हाईकोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार अति शीघ्र जेपीएससी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करे। कोर्ट ने यह बात बुधवार को जेपीएससी 11 से 13 सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार एवं रिजल्ट जल्द प्रकाशन करने को लेकर दाखिल पवन कुमार वर्मा की रिट याचिका की सुनवाई के दौरान कही। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झारखंड सरकार को जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी में अध्यक्ष का पद पिछले तीन माह से रिक्त रहने से कई नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हो रही है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद में कहा कि आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवा इनोवेटर के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का अलग नजरिया है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते हैं। ऐसे में जब आपको नयी चुनौतियां मिलती हैं, तो उनके नये और अनोखे समाधान खोज कर दिखाते हैं।

उन्होंने कहा कि वह पहले भी हैकथॉन में भाग ले चुके हैं और युवा इनोवेटर्स ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। उन्होंने मनोबल बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए लगातार नये-नये समाधानों की जरूरत होती है। इनोवेटर्स की टीम के समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किये जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने साइबर सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिस समाधान पर आप काम कर रहे हैं, वह भारत के फ्यूचर के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किये जा रहे हैं। इसके विपरीत देश के दुश्मन, भारत में हथियारों और ड्रग्स के तस्करी में ड्रोन का भरपूर उपयोग कर रहे हैं।

### पीएम ने कहा

- आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है

### भाजपा ने ईवीएम पर कांग्रेस को घेरा, कहा

## संविधान को लेकर उनके मन में कोई भाव नहीं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठाने को लेकर कांग्रेस पार्टी को आज जमकर घेरा। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जब जीत जाती है, तो सब ठीक है और जब हारती है तो ईवीएम का रोना रोती है। भाजपा मुख्यालय में आज आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि आज दो खबरें महत्त्वपूर्ण हैं। पहला विषय है- कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन ईवीएम को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल करने जा रही है। दूसरा विषय है- विपक्षी दल उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ एक अविश्वास प्रस्ताव लेकर आये हैं। दोनों खबरें विचलित करनेवाली हैं।

## लोकसभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** लोकसभा ने बुधवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक 1905 के रेलवे बोर्ड अधिनियम और 1989 के रेलवे विधेयक को एकीकृत करेगा। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को विधेयक पर पिछले दिनों हुई चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड और रेलवे से जुड़े विधेयक को एकीकृत करने से रेलवे का विकास और कार्यदक्षता बढ़ेगी। विधेयक के माध्यम से कानूनी ढांचे का सरलीकरण होगा। रेल मंत्री ने विपक्ष को रक्षा और रेलवे को राजनीति से दूर रखने की अपील करते हुए उसके केन्द्रीकरण और निजीकरण से जुड़े आरोपों का खंडन किया।




## एक झलक

### मोक्षदा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा भक्ति में हुआ आयोजित



**रांची :** अग्रसेन पर स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को मोक्षदा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा सहित भक्ति में वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया साथी मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। प्रातः 8:00 बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ अनावृत बनी रही। लाल पीला गुलाब, जेब्रा, गुलदाऊदी, रजनीगंधा व गेंदा के फूलों से श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड पावन ज्योत प्रज्वलित की गई, भक्तगण मंगल दर्शन कर ज्योति आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल मांग रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन प्रारंभ किया गया।

### छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने मंशा स्पष्ट कर दी : चंपाई सोरेन

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के विधायक चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि एक कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। इसी तर्ज पर अपने कार्यकाल की शुरूआत में ही न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। चंपाई सोरेन ने लिखा है कि हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि यदि नियुक्ति सहित किसी भी सरकारी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हों, तो सीबीआई जांच के जरिये सरकार इस विवाद का सर्वमान्य हल निकाल सकती है लेकिन जिस प्रकार लाठी के दम पर युवाओं के आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी है। झारखंड की अगली पीढ़ी के भविष्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता की सजा बरकरार, अपील खारिज

**रांची :** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने बुधवार को चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता सोनी देवी की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने अपीलकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा है। इससे सजायाफ्ता को झटका लगा है। सोनी देवी को न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने शिकायतवाद संख्या 1702/23 मामले में दोषी पाकर 21 जुलाई को एक साल की सजा और 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया था। कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। इस पर सुनवाई पश्चात अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी। अपीलकर्ता ने सुखदेव नगर निवासी शंकर कुमार वर्मा से 13 लाख रुपये दोस्ताना लोन ली थी। बदले में 8.25 लाख रुपये चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था। चेक बाउंस मामले में 16 जनवरी, 2023 को केस हुआ था। सुखदेव नगर के न्यू किशोरगंज के आनंद नगर निवासी प्रदीप कुमार प्रजापति की सोनी देवी पत्नी है।

### किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे : बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीद 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बाबूलाल ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीद करें। साथ ही किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सभी के भविष्य के साथ अन्याय है।

---

### उपायुक्त ने किया नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

# सीडीपीओ सविता कुमारी वर्मा पायी गयीं अनुपस्थित

- बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं तो अनुपस्थित माने जायेंगे पदाधिकारी/कर्मी : डीसी
- लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का समय-सीमा के अंदर निष्पादन करने के निर्देश
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नामकुम में भी व्यवस्था का लिया उपायुक्त ने जायजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा लगातार प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम बुधवार को उन्होंने लगभग शाम चार बजे नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। अनाधिकृत रुप से अनुपस्थिति पर उपायुक्त ने बीडीओ विजय कुमार एवं सीओ कमल किशोर सिंह को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी वर्मा अनुपस्थित पायी गयीं, जिस पर उपायुक्त ने उनकी अनुपस्थिति अधिकृत है या नहीं इसे सत्यापित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की। उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। उपायुक्त द्वारा लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का कागजों की जांच कर समय-सीमा के अंदर सही तरीके से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

---

### राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष के आवास गये, जतायी शोक संवेदना





**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास जाकर उनके पिता गोलक बिहारी महतो जी के निधन पर दुःख व शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने दिवगंत की आत्मा की चिरशांति हेतु प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

---

## जेसीएम के अध्यक्ष अमन तिवारी ने की सीएम से मुलाकात, दी बधाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जेसीएम के अध्यक्ष अमन तिवारी ने सीएम से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दिया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। झामुमो के केंद्रीय समिति का विस्तारित बैठक सह आभार सभा बुधवार को सीएम हाउस कांके रोड में हुआ जिसमें पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारीगण, केंद्रीय सदस्यगण तथा 24 जिलों से जिला अध्यक्षगण एवं सचिवगण, सभी वर्ग संगठन के अध्यक्षगण, प्रखंड के अध्यक्षगण एवं सचिवगण तथा अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति के अध्यक्ष अमन तिवारी ने छात्र मोर्चा की ओर से माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से मिलकर उन्हें प्रचण्ड जीत की बधाई दिया साथ ही इस नए कार्यकाल में छात्रहित, उच्च शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया। मुख्यमंत्री ने संगठन के सभी लोगों का इस प्रचंड जीत हेतु आभार व्यक्त किया। अमन तिवारी ने कहा जिस तरीके से पूरे झारखंड की जनता ने पूर्ण भरोसा माननीय मुख्यमंत्री जी पर जताया है मुख्यमंत्री जी भी झारखंड की जनता के आशाओं एवं जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

---

## झारखंड हाई कोर्ट ने विधायक सरयू राय के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक की अवधि 10 जनवरी तक बढ़ायी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने जदयू विधायक सरयू राय को मिली राहत बरकरार रखी है। अदालत ने बुधवार को उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव की ओर से दर्ज करवाए गए मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 10 जनवरी तक विस्तार दिया है। इसके साथ अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सरयू राय की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। चुनाव के समय पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार मिलने से सरयू राय को बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि गोपनीय दस्तावेज के लीक मामले में विधायक सरयू राय के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव की ओर से मई 2022 में डोरंडा थाना में दर्ज करायी गयी थी। रांची के एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने आपराधिक साजिश रचकर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से संचिका के गोपनीय पन्नों की चोरी करने के आरोप में विधायक सरयू राय के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया है।

---

### झारखंड में लगातार बढ़ रही ठंड, अगले पांच दिनों तक मौसम रहेगा साफ

**रांची :** झारखंड में बारिश के बाद लगातार ठंड बढ़ रही है। साथ ही ठंडी हवाओं के साथ तापमान लगातार गिर रहा है। इसमें अभी और गिरावट की संभावना है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। राज्य में कम से कम 4 डिग्री तक तापमान में गिरावट आएगी। राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। अधिकतम तापमान अभी 27.6 डिग्री सेल्सियस है। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा।

---

### राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन में हुआ कार्यक्रम

## सत्र 2024-2026 के प्रशिक्षुओं ने मनाया भारतीय भाषा उत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन रांची के सत्र 2024 2026 के प्रशिक्षुओं द्वारा भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। चंद्र माधव सिंह ने मां सरस्वती वंदना से उत्सव को प्रारंभ किया। विषय प्रवेश डॉ ओम प्रकाश कराया कि महाकवि भारती के जन्म दिवस के अवसर को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।भारतीय भाषा उत्सव का संचालन प्रशिक्षु शिक्षक युवराज प्रसाद ने किया। उर्दू भाषा के शिक्षक डॉ मजहरूल हक ने कहा कि उर्दू हिन्दुस्तानी भाषा है और भारतीय खानदान की भाषा है।प्रो पंकज कुमार मेहता ने कहा कि हमारे देश को भाषा चारों दिशाओं में ही नहीं दसों दिशाओं से जोड़ती है इसीलिए हमें अपनी भाषा के पुल को पकड़ कर रखें।प्रशिक्षु पुरुषोत्तम कुमार ने हिंदी भाषा के प्रभाव को बतलाया।अमलेश ने खोरठा भाषा के इतिहास एवं वर्तमान परिदृश्य को बतलाया साथ ही आपन भाषा को समृद्ध बनाएं। प्रणव, विद्याशंकर, अमरीश ने खोरठा भाषा में गीत प्रस्तुत किया। आशीष अनिल मुंडू ने मुंडारी भाषा में भारतीय भाषा के उत्सव के महत्व को बतलाया। उर्दू भाषा में शम्स तबरेज ने अपने विचारों को बतलाया। संथाली भाषा में सोनू जोसेफ ने विस्तार से भारतीय भाषा में मुंडारी के महत्व को बतलाया। नागपुरी भाषा के इतिहास को सुमित कुमार ने बतलाया।लेलीन कुमार महतो ने पंच परगनिया में अपने विचारों को रखा।

---

## बड़ी संख्या में भक्तजनों ने खाटूनरेश का दर्शन कर किया आशीष प्राप्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में आज मोक्षदा एकादशी के अवसर प्रातः से देर रात तक बड़ी संख्या में भक्तजनों ने खाटूनरेश का दर्शन कर आशीष प्राप्त किया। प्रातः खाटूनरेश का श्रृंगार करके 8.30 बजे श्रृंगार आरती की गयी। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परानुसार सायंकालीन विशेष श्रृंगार किया। पीला गुलाब, मुरगन, रजनीगंधा,लाल गेंदा, पीला गेंदा , लाल गुलाब, तुलसीदल की फूलमालाओं से खाटूनरेश का दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके पहले खाटूनरेश को मेरुन कलर का चमकदार नवीन पौशाक पहनाया गया। श्रीश्याम मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालीग्राम जी, गरुड़ जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, रिद्धी-सिद्धी, प्राचीन तेल चित्रो व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया।

---

## राजस्व संग्रहण के कार्यों में गति देने के उद्देश्य से नगर आयुक्त ने चलाया जांच अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राजस्व संग्रहण के कार्यों में गति देने के उद्देश्य से नगर आयुक्त के निर्देशानुसार रांची नगर निगम द्वारा विभिन्न आवासीय भवनों/ प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, जल कर इत्यादि की जांच हेतु एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार के नेतृत्व में निगम के राजस्व शाखा के पदाधिकारियों, कर संग्रहण के कार्य कर रही एजेंसी के प्रतिनिधि तथा पी०एम०यू की एक संयुक्त टीम के साथ निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न भवनों / प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स व ट्रेड लाइसेंस की जांच की गई। जिसमें मुख्य रूप से कांके स्थित कैंब्रियन स्कूल, न्यूक्लियस मॉल 2, अन्तु चौक स्थित जानकी भवन, यशोदा टावर स्थित कोटक महिंद्र बैंक, परिवार कलेक्शन इत्यादि प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के क्रम में कैंब्रियन स्कूल में निगम की टीम द्वारा पूरे परिसर की Re-assessment करने हेतु निर्देश दिया गया एवं इससे संबंधित नोटिस दी गई। निगम की टीम के द्वारा कांके रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल 2 में नोटिस निर्गत किया गया

---

## सर्व ब्राह्मण अधिकार परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष बनाये गये प्रमोद कुमार पांडेय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सर्व ब्राह्मण अधिकार परिषद केंद्रीय कार्यालय रांची की गठित बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय बनाए गए। प्रमोद कुमार पांडे ने बताया कि सर्व ब्राह्मण अधिकार परिषद का मुख्य केंद्रीय कार्यालय, रांची में रहेगा। बहुत जल्द देश के सभी राज्यों में प्रदेश कमेटी का गठन कर वहां पदाधिकारी का मनोनियन किया जाएगा। साथ ही साथ राष्ट्रीय पदाधिकारी की भी घोषणा जल्द की जाएगी। पांडेय ने बताया की सर्व ब्राह्मण अधिकार परिषद देश के सभी ब्राह्मणों को एकजुट कर एक मंच पर लाकर ब्राह्मणों के उत्थान और उनका सहयोग समर्पण करने का कार्य सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर हमेशा करेगा। काफी संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रमोद कुमार पांडेय को केंद्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर की एवं अपनी तरफ से बधाई के संग शुभकामनाएं भी अर्पित की। इस अवसर पर लक्ष्मी चंद दीक्षित अयोध्या नाथ मिश्रा, संजीव कुमार मिश्रा, ज्ञान देव झा, आत्माराम द्विवेदी, अजय कुमार दुबे, संजीव कुमार चौधरी, राकेश तिवारी, पवन दुबे, अशोक कुमार पारिख, अजय तिवारी, राजीव तिवारी,जगरनाथ मिश्रा, प्रमोद सारस्वत ने श्री पांडे को अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक प्रशन्नता के साथ बधाई, शुभकामनाये प्रेषित की है।

---

## पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के तीसरे दिन कुल 12 मामलों में मिली सफलता




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का शुभारम्भ दिनांक 09.12.2024 से हो चुका है, जो कि 13.12.2024 तक चलेगा। इस अभियान के पहले दिन विभिन्न न्यायालयों से 18 मामले हस्तांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र, रांची में आये थे, जिसमें 16 मामलों को सुलझाये गये थे। दूसरे दिन 19 मामले विभिन्न न्यायालयों से भेजे गये थे, जिसमें 14 मामलों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मध्यस्थों के द्वारा सुलझाया गया था। ज्ञात हो कि आज दिनांक 11.12.2024 को मध्यस्थता केंद्र, रांची में विभिन्न न्यायालयों से 12 मामले भेजे गये थे, जिसमें सभी 12 मामलों को मध्यस्थों के सुझबुझ तथा अथक प्रयास से सुलझा लिया गया और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बात-चीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। मालूम हो कि पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का आज तीसरा दिन था और यह दिनांक 13.12.2024 तक चलेगा, उक्त तिथि तक वादकारी अपने वादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा सकते हैं।

---

## माकपा का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन नौ जनवरी से




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शहर के मेन रोड स्थित सीपीआईएम (माकपा) कार्यालय में पार्टी की राज्य कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के दो पोलित ब्यूरो सदस्य, पूर्व सांसद वृंदा करात और डॉ रामचंद्र डोम की उपस्थित में विधानसभा चुनाव की समीक्षा की गयी। साथ ही राज्य के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक नामकुम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में राज्य भर में जिला सम्मेलनों से निर्वाचित 347 प्रतिनिधि और 19 दर्शक शामिल होंगे। पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि वे राज्य भर में फैले सीपीएम के 5505 पार्टी सदस्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। सम्मेलन की तैयारी के लिए साहित्यकार और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी एवं ट्राइबल रिसर्च संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ रणेन्द्र की अध्यक्षता में 115 सदस्यीय स्वागत समिति का गठन किया गया। स्वागत समिति में प्रगतिशील, जनवादी साहित्य कला एवं संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों, ट्रेड यूनियनों, महिलाओं, युवाओं तथा छात्रों के जनसंगठनो सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। स्वागत समिति के सचिव पार्टी की रांची (पश्चिम) जिला कमेटी के जिला सचिव प्रफुल्ल लिंडा एवं संयुक्त सचिव रांची (पूर्वी) के जिला सचिव दिवाकर सिंह मुंडा तथा कोषाध्यक्ष अमल आजाद होंगे। सम्मेलन स्थल का नाम पार्टी के दिवंगत महासचिव सीताराम येचुरी के नाम पर होगा। सम्मेलन के सभागार का नाम पं. बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्मृति में रखा गया है। सम्मेलन के मंच का नाम शहीद सुभाष मुंडा मंच होगा। यह जानकारी राज्य सचिव ने प्रकाश विप्लव ने दी।

---

### महात्मा गांधी के बतौर कांग्रेस अध्यक्ष शताब्दी समारोह मनाने को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसजनों की हुई बैठक

# देश में गांधी दर्शन की प्रासंगिकता आज भी है : केशव महतो कमलेश




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 26 दिसंबर 1924 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। इस अवसर पर शताब्दी समारोह पूरे देश में आयोजित किया जाना है। अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल के निदेर्शानुसार 26 दिसंबर को समारोह के आयोजन हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में वरिष्ठ कांग्रेसजनों की बैठक आज कांग्रेस भवन, रांची में संपन्न हुई। बैठक में 26 दिसंबर को शताब्दी समारोह तथा 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के आयोजन के संदर्भ में कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश में गांधी दर्शन की प्रासंगिकता आज भी है। उनकी विरासत को संभालना और उसे सम्मान देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि आज के युवा वर्ग में गांधी जी के विचारों का प्रवाह हो सके। इस शताब्दी समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न समुदाय, छात्र-युवा, महिला एवं आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित कर गांधी जी के मूल्यों, सिद्धांतों और देश के स्वतंत्रता इतिहास में कांग्रेस के योगदान की चर्चा-परिचर्चा आवश्यक है। कांग्रेस के नीति और सिद्धांतों का प्रचार प्रसार कर-के लोगों को परिचित कराना होगा ताकि भावी पीढ़ी को देश के लोकतंत्र को कांग्रेस विचारधारा के अनुरूप बनाए और बचाए रखने के लिए प्रेरित किया जा सके। देश में एक ऐसी विचारधारा को बढ़ाने की कोशिश की जा रही है जो लोकतंत्र के लिए घातक है। ऐसी विचारधारा के पांव पसारने के पूर्व ही जनता को इसके बुरे प्रभाव से अवगत कराना होगा। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि उक्त कार्यक्रमों के सफलता पूर्वक संचालन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश ने सात सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो निम्नवत है:-

1. अनादि ब्रह्म- संयोजक
2. डा. जयप्रकाश गुप्ता- सदस्य
3. प्रदीप तुलस्यान - सदस्य
4. अलोक कुमार दूबे- सदस्य
5. रमा खलखो- सदस्य
6. आभा सिन्हा- सदस्य
7 सतीश पॉल मुंजनी- सदस्य

26 दिसम्बर को आयोजित शताब्दी समारोह का उद्देश्य महात्मा गांधी जी की ऐतिहासिक अध्यक्षता एवं उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए स्मारक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश जिला कांग्रेस कमिटियों को दिया गया है। आयोजनों का उद्देश्य पार्टी नेताओं और आमजनों को शामिल कर गांधी जी की विरासत को याद करना होगा।

---

## बड़े-बड़े पातकों का नाश करनेवाली मोक्षदा एकादशी पर हुआ महानुष्ठान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को मार्गशीर्ष मास शुक्लपक्ष की मोक्षदा एकादशी व्रत को ले पहाड़ी मंदिर के निकटवर्ती श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में हुए कई धार्मिक अनुष्ठान। प्रातः देव शिरोभूषण भगवान् श्रीमन्नारायण का ब्रह्ममुहूर्त में विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम करावलंबम स्तोत्र इत्यादि के पश्चात पाञ्चरात्र विधि से तिरूवाराधन संपादन कर दूध, दही, गंगाजल, शहद एवं डाभयुक्तजल से सहस्त्रधारा, कुम्भधारा, शंखधारा और चक्रधारा के श्रीवैष्णवोचित उपचार से वैदिक मंत्रोपचार पूर्वक महाभिषेक हुआ। फिर हरिद्राचूर्ण और शुद्धोदक चंदन से अनुलेपन किया तथा सुगंधित इत्र और तेल का अभ्यंग करने के पश्चात भगवान श्रीदंपति के सभी विग्रहों को वस्त्राभूषण से भांति-भांति प्रकार से अलंकार समर्पण कर सुवासित पुष्पों के मालाओं से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन किया गया। तदंतर नक्षत्र कुंभ और कपूर से विभिन्न प्रकार से बारी बारी महाआरती की गई। पुनः वैदिक एवं उपनिषद् आदि ऋचाएँ और स्तोत्रों से महस्तुति की गयी। इसके बाद घंटानाद करते हुए श्रीभगवान को फलाहारी व्यंजनों का बाल भोग नैवेद्य हुआ। आज के महाभिषेक के यजमान ओमप्रकाश केजरीवाल निवारणपुर रांची परिवार हुए।

## एक झलक

### भौरा में बंधक बना कर तीन लाख की लूट

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** बीसीसीएल पूर्वी झरिया क्षेत्र के भौरा साउथ कोलियरी के ऑटो गैरेज में मंगलवार की देर रात करीब दो दर्जन अपराधियों ने धावा बोल दिया। सभी हरवे हथियार से लैस थे। यहां पहुंचते ही ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर अपने कब्जे में कर लिया। इसके बाद लूटपाट शुरू कर दी। 3 लाख से अधिक के मूल्य की लौह सामग्री, केबुल व अन्य पार्ट्स की चोरी कर ली है। घटना की जानकारी मिलने पर अधिकारी पहुंचे और छानबीन शुरू कर दिए हैं। इधर पुलिस को भी सूचना दी गई है। पुलिस भी पड़ताल में जुटी हुई है। घटना से ऑटो गैरेज में काम करने वाले कर्मियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कर्मियों का कहना है कि आए दिन अपराधी पहुंचकर लूटपाट कर रहे हैं। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं किए जाने से उनका मनोबल बढ़ाते जा रहा है।

### राष्ट्रीय सीनियर योगासन झारखंड टीम में धनबाद के चार खिलाड़ी कर्नाटक के लिए हुए रवाना

**धनबाद :** योगासन भारत द्वारा आयोजित 5 वां सीनियर राष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता तुमकुरु, कर्नाटक में 12 से 15 दिसंबर को आयोजित होने जा रहा है, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धनबाद जिला के चार खिलाड़ी जसपाल सिंह, सुमित कुमार मोदी, दीपशिखा दान एवं रचना परवत सभी खिलाड़ी कर्नाटक के लिए रवाना हुए। योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव विपिन कुमार पांडे, जिला संघ के संरक्षक परिक्षीत पांडे, अध्यक्ष मनोज सिंह, उपाध्यक्ष शैलेष कुमार, विरेन्द्र कुमार रवानी, दिपांकर बरारी, सचिव कुणाल कुमार कार्यालय सचिव संजय यादव, सतीश सिंह, शीतल दत्ता, आरती सिंह, आरती शर्मा, कुमारी अनामिका, मिक्की कुमारी, नेहा कपूर आदि सभी सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दिया।

### श्राद्ध कर्म में शामिल हुई झरिया विधायक

**झरिया (धनबाद):** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा के ज्येष्ठ भ्राता भीमसेन मुंडा के श्राद्ध में शामिल होने बुधवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह उनके जमशेदपुर टेल्को घोड़ाबांधा स्थित आवास पहुंची। उन्होंने श्री अर्जुन मुंडा एवं श्रीमती मीरा मुंडा जी से मिल अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

### महाराणा प्रताप चौक भुई फोड़ में महाराणा प्रताप की मूर्ति हुई स्थापित

**धनबाद:** बुधवार 11 दिसंबर भुई फोड़ स्थित चौक पर एतिहासिक पुरुष महाराणा प्रताप जी का मूर्ति स्थापित किया गया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अरूण सिंह ने बताया कि चौक का निर्माण 10 वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन महाराणा प्रताप का मूर्ति नहीं लग सका था। आज लगभग 10 वर्ष बाद भव्य मूर्ति स्थापित कि गई है। इस अवसर सुधीर सिंह,ललन सिंह, उमेश सिंह, अविनाश सिंह, विजय सिंह, राजेश सिंह, विवेक सिंह, वीरेन्द्र सिंह, अमित कुमार सिंह, मंटू सिंह, ऋषि सिंह सहित सैकड़ों संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जीनागोरा कोलियरी के बिजली घर से 1100 केबीए ट्रांसफर के कीमती सामान की हुई चोरी

**अलकडीहा (धनबाद):** मंगलवार की देर रात करीब एक बजे चोरों ने जीनागोरा सेठ कोठी स्थित बिजली घर पर धावा बोल कर वहां स्थित 1100 केबीए ट्रांसफर का सारा किमती समान पीतल और तांबा लेकर चलते बने। ट्रांसफर चोरी हो जाने से सेठ कोठी, जयरामपुर, गुड़गुड़िया, आटा चक्की में पानी और बिजली की आपूर्ति पुरी तरह बाधित हो गया है। इस घटना को लेकर आसपास के लोगों का कहना है कि शाम छः बजे से सुबह आठ बजे तक बीसीसीएल का कोई भी कर्मचारी बिजली घर में ड्यूटी पर नहीं रहता है, जिसका फायदा चोरों ने उठाया। जीनागोरा अभियंता से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि पांच-छः लाख का नुकसान हुआ है, परंतु सच्चाई है कि दस-बारह लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

---

### कतरास सूर्य मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का चौथा दिन

# मां-बाप सदैव होते हैं पूजनीय : सुरेन्द्र हरिदास महाराज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद) :** कतरास सूर्य मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन सुरेंद्र हरिदास महाराज ने मां-बाप सदैव पूजनीय होते हैं यही धर्म का आधार है। धर्म, केवल एक धार्मिक आचार-व्यवहार नहीं, बल्कि वह जीवन के हर क्षेत्र में सत्य, अहिंसा, और नैतिकता का पालन करना है। बच्चों को हमेशा सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा देना चाहिए, ताकि वे जीवन में सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें और समाज में एक अच्छा नागरिक बन सकें। महाराज श्री ने यह भी



बताया कि भारत देश का पहला अधिकार सनातनियों का है। यह सनातन संस्कृति की जड़ों से जुड़ी बात है, जो प्राचीन भारत की सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखती है। सनातन धर्म को बचाने के लिए एक मजबूत सनातन बोर्ड का गठन होना जरूरी है, जो इस धर्म के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में मदद कर सके। इस बोर्ड का उद्देश्य न केवल सनातन धर्म की रक्षा करना है, बल्कि उसे समय की धारा के साथ जोड़कर आगे बढ़ाना भी है। पूज्य महाराज श्री ने यह भी कहा कि किसी भी खास अवसर, जैसे बच्चों की बारात या अन्य समारोहों में शराब का सेवन और नशे के अन्य प्रकारों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। यह संस्कारी और जिम्मेदार समाज के खिलाफ है। ऐसे अवसरों पर लोगों को अच्छे आचार-व्यवहार, श्रद्धा और पवित्रता के साथ आमंत्रित करना चाहिए, जिससे परिवार और समाज में एक अच्छा संदेश जाए। मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म है दूसरों की मदद करना और उनकी भलाई के लिए काम करना। हर व्यक्ति को अपने आस-पास के लोगों की मदद करने की भावना को विकसित करना चाहिए। मानव को जीवन के हर कदम पर हमें अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। वे हमारे जीवन के पहले गुरु होते हैं, जिनसे हमें जीवन की महत्वपूर्ण बातें सीखने को मिलती हैं। प्रमुख परिवार किशोरी गुप्ता, बिजय झा, अशोक वर्मा, विनय कृष्ण गुप्ता, बिजय गुप्ता, श्रीकृष्ण गुप्ता, अवधेश कु गुप्ता, मनोज गुप्ता, उदय वर्मा, सुशील खैतान, हिम्मत सिंह, दीपक सोनी,महेश अग्रवाल, राजेश चौंखानी, बिकास साहू, संजय गुप्ता, शिवानी झा, कस्तूरी देवी, गीता देवी, अल्का देवी बबीता देवी, नर्मदा देवी, मनिषा देवी, कविता गुप्ता, सुष्मा वर्मा, माया खैतान, सुमन देवी आदि समाज के सभी लोगो के सहयोग से कथा किया जा रहा है।



### मोक्षदा एकादशी पर निकली निशान शोभायात्रा

**झरिया (धनबाद) :** मोक्षदा एकादशी के अवसर पर बुधवार को प्रभु श्याम प्रेमियों ने निशान शोभायात्रा निकाली। नगर भ्रमण के पश्चात 151 निशान मंदिर में प्रभु श्याम को निशाना अर्पित किए गये। निशान यात्रा मे काफी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। सभी भक्तों ने बाबा को निशान अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर रघुवीर गोयल, शिवकुमार अग्रवाल, सुदर्शन पिलानिया, अभिषेक अग्रवाल, विवेक सिंगल, संदीप कथूरिया, आदि सदस्य मौजूद थे।

## उपायुक्त ने दिया वार्ड वार प्रगणक का गठन कर सर्वे शुरू करने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2024 के निमित्त पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण के लिए बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अंचल अधिकारियों को वार्ड वार प्रगणक का गठन कर सर्वे शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद में अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के संबंध में वार्ड बार सूचना अद्यतन मतदाता सूची के आधार पर निर्धारित प्रपत्र 1 से 3 में एवं पिछड़े वर्गों की राजनैतिक स्थिति की जानकारी के लिए अनारक्षित वर्ग के विरुद्ध चुने गए अत्यंत पछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधियों की सूचना पिछले दो निर्वाचन के आधार पर निर्धारित प्रपत्र 4 से 5 में प्राप्त कर 31 दिसंबर से पहले पूरा करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी शीघ्र वार्ड वार प्रगणक का गठन कर डोर टू डोर सर्वे शुरू कर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूरा करें। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तथा सभी अंचल के अंचल अधिकारी मौजूद थे।

## सड़क किनारे जानलेवा गड्ढा, जिन्दगी पर खतरा

**विश्वजीत चटर्जी**

**जोरापोखर (धनबाद):** झरिया विधानसभा क्षेत्र के लोदना मोड़ पर जेएमसी द्वारा पाइप बिछाने के बाद सड़क किनारे छोड़ा गया बड़ा सा खड्डा अब एक गंभीर समस्या बन चुका है। हर गुजरते दिन के साथ यह गड्डा न केवल यातायात को बाधित कर रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं को भी आमंत्रण दे रहा है। हर गुजरने वाला हर एक वाहन डर के साए में है। एक चालक ने बड़े ही चिंतित स्वर में कहा यहां से गुजरते वक्त हमेशा डर लगा रहता है कि कहीं बाइक फिसल न जाए या गाड़ी खड्ढे में न अटक जाए। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरती हैं, लेकिन इस खड्ढे के कारण लंबे जाम में फंसना और दुर्घटनाओं का डर



यहां की रोजमर्रा की कहानी बन चुकी है। पाइप बिछाने का काम पूरा होने के बाद भी उक्त खड्ढा अपनी जगह पर है। बारिश के कारण इसमें पानी भी भर चुका है, जिससे इसकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। हाल ही में एक गाय इस खड्ढे में गिर गई थी। लोगों ने घंटों की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला।

**खड्ढों की वजह से बढ़ते हादसे**

**यह** समस्या सिर्फ लोदना मोड़ तक सीमित नहीं है। देशभर में खड्ढों के कारण हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। कई बाइक सवार खड्ढे में गिरने से गंभीर रूप से घायल भी हुए।

कई बार बड़े वाहन भी इस खड्ढे में फंस गए, जिससे लंबा सड़क जाम भी लग जाता है।लोगों की तकलीफें और प्रशासन की उदासीनता से यह सवाल उत्पन्न होता है की ?क्या प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है....? लोग यहां से गुजरते वक्त गुस्से और डर के बीच गुजरने को मजबूर हैं। स्थानीय लोग इस समस्या का समाधान चाहते हैं, खड्ढे को तुरंत भरा जाये।

सड़क की मरम्मत कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाये।

भविष्य में ऐसे कार्यों में लापरवाही न बरती जाए।

लोदना मोड़ का यह खड्ढा सिर्फ एक गड्ढा नहीं है, यह प्रशासन की उदासीनता और लोगों की सुरक्षा के प्रति उसकी लापरवाही का प्रतीक है। हर गुजरते वाहन के साथ एक नया जोखिम जुड़ता है। क्या वाकई हमारे जीवन की कीमत इतनी कम हो गई है.....?

यह सवाल सिर्फ लोदना मोड़ के लोगों का नहीं, बल्कि हर उस इंसान का है, जो सड़कों पर खड्ढों के बीच जिंदगी की डोर थामे चलता है।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर हुआ जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** कार्मिक नगर धनबाद स्थित मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के कार्यालय कैम्पस में आज विश्व मानवाधिकार दिवस के जागरूकता पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। उदघाटन संगठन के अध्यक्ष सज्जन शर्मा ने किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आज देश के पैमाने पर क्षेत्र में मानवाधिकार का हनन हो रहा है, जो कि बहुत ही चिन्ता का विषय है, इस पर रोक लगाना अत्यंत जरूरी है। संगठन के उपनिदेशक कृष्णा मैरी वोलर ने महिलाओं को सशक्त एवं स्वलम्बी बनाने तथा निर्भिक होकर समाज में कार्य करने के लिए महिलाओं को



प्रेरित किया। इस दौरान संगठन के निर्देशक पंचानंद प्रजापति ने कहा कि मानवाधिकार का हनन के रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करना अति आवश्यक हैं, तभी मानवाधिकार पर रोक लग सकेंगी। सेमिनार को सफल में राजीव कुमार, दिलीप कुमार तिवारी, अजमत अंसारी, रोकी फ्रांसिस, अशोक कुमार, ज्ञान राठोर, मनोज शर्मा, आनन्द कुमार, जसीमुद्दीन अंसारी, अरमान अंसारी, दीपक कुमार शर्मा, विनोद कुमार, नरेश कुमार, शशांक कुमार राय, बैजन्ती देवी, सोनाली बनर्जी, राणा घोष, पवन कुमार ठाकुर, प्रदीप कुमार, आनन्द कुमार चौहान, घनश्याम मिस्त्री, यशराज शर्मा, रोशन बर्नवाल, गौरव कुमार, कुणाल कुमार बास्फोर, विजय बास्फोर, उमा कांत जी आदि लोगों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिये।

### भारतीय एकता शेर सेना ने स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**धनबाद :** भारतीय एकता शेर सेना सामाजिक संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को रक्त दान शिविर का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता सह भारतीय एकता शेर सेना के संस्थापक रंजन गुप्ता, संस्था के सदस्य मृत्युंजय चौरसिया, अमित कुमार, उदय शंकर प्रसाद, ऋषिकेश प्रसाद,रवींद्र कुमार सिंह के द्वारा रणधीर प्रसाद वर्मा चौक के निकट धरना स्थल पर किया गया। इस कार्यक्रम में पंद्रह यूनिट रक्त दान किया गया। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने उद्घाटन किया। साथ में मेजिस्ट्रेट नारायण राम एवं रविन्द्र नाथ ठाकुर शामिल हुए,विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा नेत्री तारा देवी शामिल हुई एवं संस्था के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्य की सहराना की।

## समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** वीकली आर्ट्स स्कूल के डायरेक्टर मोहन आजाद, आशा लता के संस्थापक बीएस जायसवाल, इंडियन सोशल फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य सह झूम कंप्यूटर के डायरेक्टर अरशद अली, फ्लावर गार्डन स्कूल की प्रिंसिपल ललिता कुमारी, इंडियन सोशल फाउंडेशन के संस्थापक साजिद हुसैन और कई स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक ने उक्त सम्मान समारोह में सम्मानित करने के लिए मौजूद थे। आए हुए सभी लोगों ने कहा कि जो समाज के उत्थान के लिए शोषित पीड़ित, जरूरतमंद के लिए मानव धर्म निभाते हैं और समाज सेवा करते हैं, ऐसे लोगों को हम लोग सम्मान देने का काम करते हैं ताकि वह समाज के कार्य में और ऊर्जा के साथ कार्य करें। मौके पर चंदनक्यारी विधायक पुत्र मुकेश रजक स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं उनके माता-पिता इस शानदार आयोजन में उपस्थित थे।



## उदय प्रताप सिंह की माता तेतरी देवी की श्रद्धा के साथ मनी दसवीं पुण्यतिथि



**धनबाद/निचितपुर :** बुधवार को निचितपुर पीएन सेक्शन में श्री राम सेना के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजसेवी उदय प्रताप सिंह की माता स्व. तेतरी देवी की दसवीं पुण्यतिथि समारोह श्रद्धा के साथ मनाया गया।पुरोहित कामेश्वर पांडे समेत 21 पंडितों ने पुण्यतिथि में विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर उदय प्रताप सिंह ने कहा उनकी माता ने अपने जीवन में सदैव दृढ़ता से सभी के कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करती रही। मां का ही संस्कार है कि उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर लोगों की सेवा का संकल्प लिया हूं। मां की सेवा प्रेरणा से आजीवन गरीबों असहाय लोगों की की सेवा करता रहूंगा। पुण्यतिथि समारोह में पति रामनाथ सिंह, पुत्र ओम प्रकाश सिंह, पुत्र उदय प्रताप सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, बृजेश्वर सिंह, मुरारी सिंह, प्रदीप सिंह, अमित सिंह, श्वेताभ शुभम सिंह, अभिषेक सिंह, सानू सिंह, मनोज सिंह, रविशेखर सिंह, शशिशेखर सिंह, अनुभव पाण्डेय, आलोक सिंह, गौरव सिंह, पुत्रवधु रेनू देवी, बिंदु देवी, सुमन देवी, पूनम सिंह, शालिनी सिंह आदि उपस्थित थे।

### प्रिंस खान व अमन सिंह गिरोह पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने बनायी रणनीति

**धनबाद :** धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दनन ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सर दर्द बना प्रिंस खान एवं अमन सिंह गिरोह से जुड़े अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने रणनीति बनाई। बताया कि भगोड़ा अपराधी प्रिंस खान दुबई में रहकर विभिन्न घटनाओं एवं रंगदारी के साम्राज्य को अंजाम दे रहा है। ऐसे में ऑगेनाईज्ड क्राइम से जुड़े अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। संगठित अपराध से जुड़े अपराधियों के खातों को सील करने से लेकर तमाम तरह की कानूनी कार्रवाई की जा रही है, प्रिंस खान से जुड़े आपराधिक मामले की छानबीन के लिए बिहार से गया पुलिस पहुंची थी।

## अब किन्नर, पूर्व सैनिक व शिक्षक भी करेंगे डालसा के लिए कार्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** समाज के हर तबके तक कानूनी जागरूकता फैलाने, सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलवाने में मदद करने के लिए किन्नर, पूर्व सैनिक, पूर्व शिक्षक भी डालसा के लिए काम करेंगे। झालसा के निर्देश पर समाज के हर तपके से जुड़े ऐसे दस लोगों को पीएलवी नियुक्त किया गया है। झालसा के निर्देश पर दस नए पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति के बाद बुधवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी व अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि



आम लोगों को सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में अनेक सार्थक प्रयास किए गए हैं, इसी क्रम में विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से विभिन्न इलाकों में पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की गई है। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) राकेश रोशन ने बताया कि झालसा के निर्देश पर अबकी बार समाज के हर तबके से डालसा के प्रतिनिधि के रूप मे पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की गई है जिसमे किन्नर समुदाय से श्वेता किन्नर, शिवानी किन्नर, अशोक कुमार सिंह रिटायर्ड आर्मी मैन, डॉ. रुद्र नारायण दे, डॉ प्राण मोहन, शिक्षक वर्ग से उदय राम, संतोष कुमार, अजहरुद्दीन अंसारी, राजेश कुमार सिन्हा और सुंबुल केशर शामिल हैं जो ट्रेनिंग के बाद डालसा के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगे। नवनियुक्त पीएलवी श्वेता किन्नर व शिवानी किन्नर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज डालसा के साथ जुड़कर वह गौरवान्वित महसूस कर रही है न्यायपालिका ने आज उन्हें इस काबिल समझा और उन्हें सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि गरीब और असहाय लोग भी न्याय प्राप्त कर सकें और लोगों के छोटे छोटे झगड़े प्रारम्भिक स्तर पर हीं आपसी बात-चीत, समझौते के साथ सुलझ सके।इसके लिए हम सभी पैरा लीगल वालंटियर गाँव-समाज में जाकर न्याय के लिए प्रयासरत लोगों को त्वरित न्याय दिलवाने, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने मे प्रशासन के सहयोग से काम करेंगे।

## रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस के अनुप्रयोग पर शहरी क्षेत्र में बढ़ती आबादी के कारण भूमि पर लोड बढ़ा है : डॉ. बीडी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग में झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद द्वारा प्रायोजित रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुप्रयोग विषय पर चल रहे पांच दिवसीय कार्यशाला में एक्सपर्ट लेक्चर सिरीज का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन व बीआईटी सिंदरी के सहप्राध्यापक डॉ. बीडी यादव ने शहरी क्षेत्रों में भू-तकनीकी समस्याओ पर कहा कि शहरी क्षेत्र में आवादी बढ जाने से जमीन पर लोड बढ़ गया है ,बढ़ी हुई आवादी के लिए भूमिगत जल दोहन से भूमि के अंदर खालीपन आ गया है। रिमोट सेंसिंग मे डाटा डालकर हम भूमिगत स्थिति का मूल्यांकन कर सकते हैं।

डॉ यादव ने महानगर कोलकात्ता, मुंबई, बेंगलूरु, चेन्नई की बढती हुई आवादी का उल्लेख करते हुए कहा कि रिमोट सेंसिंग और जीआईएस से इन शहरों के भूमिगत स्थिति का आकलन किया जा सकता है।

डॉ यादव ने झरिया कोल फील्ड का उदाहरण देते हुए बताया कि कोयला खनन से जो स्थान खाली होता है बालू भरकर खाली स्थान को समाप्त किया जाता है। इससे मिट्टी पर बढ रहे लोड को कम किया जा सकता है। इसका



आकलन रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस सिस्टम से किया जा सकता है। डॉ. यादव ने मृदा मानचित्रण में नवीनतम तकनीकी प्रयोगो पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रो प्रशांत रंजन मालवीय ने जलग्रहण क्षेत्र योजना और प्रबंधन ने रिमोट सेंसिंग और जींआईएस के अनुप्रयोग पर विस्तृत व्याख्यान दिया।वैज्ञानिक डॉ उदय मंडल ग्राउंड वॉटर पोटेंशियल जोन मैपिंग में रिमोट सेंसिंग और जींआईएस के अनुप्रयोग पर व्याख्यान दिया।

वर्कशाप में इजिप्ट के जल संसाधन अभियंता डॉ. सतीप्रसाद साहू ने विजुअल इंटरप्रिटेशन आफ मल्टी स्पेक्ट्रल, इमेज क्लासीफिकेशन पर विस्तृत जानकारी दी।

### बीआईटी सिन्दरी में हुआ इनोवेशन का महाकुंभ-23 टीम ने दिखायी अपने अनोखे स्टार्टअप आइडियाज



**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिन्दरी में नवाचार परिषद और झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालाजी के सहयोग से आइडिया पिंचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम में संस्थान की 23 टीमों ने अपने स्टार्टअप विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टेक्समिन हब, आईआईटी, आईएसएम धनबाद के टेक्नालॉजी एंड इनोवेशन कंसल्टेंट और इनोवेशन मैनेजर डॉ. राजेन दास गुप्ता, निदेशक बीआईटी डॉ. पंकज राय, आईआईसी अध्यक्ष प्रो प्रकाश कुमार, संयोजक डॉ राहुल कुमार शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रिन्यूएबल एनर्जी साल्यूशंस, एआई-पावर्ड हेल्थकेयर इनोवेशन, सस्टेनेबल फैशन और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने नवाचार, व्यवहारिकता, स्केलिबिलटी और बाजार प्रभाव जैसे मानदंडों पर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। मूल्यांकन के बाद पांच टीमों का अगले चरण के लिए चुना गया।

## सम्पादकीय.....

# इंडिया गठबंधन में बढ़ती दरारें

**विपक्षी** गठबंधन इंडिया की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिल्ली, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि इंडिया गठबंधन इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं, जो गठबंधन की मुश्किलें बढ़ाने का ही सबब है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन एवं परिणामों के कारण ही वह अधिकारपूर्वक इंडिया का नेतृत्व अपने हाथों में लेकर गठबंधन की अगुआई करने में सक्षम हो पायी। लेकिन कांग्रेस की ओर से ऐसी कोई मजबूत एवं प्रभावी पहल बाद में हुए हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर आदि प्रांतों के चुनावों में देखने को नहीं मिली, राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी पार्टियों ने अपनी क्षेत्रीय जरूरत को सर्वोपरि रखते हुए फैसले लिए जो गठबंधन की प्रतिबद्धताओं पर प्रश्न लगाती है। अडाणी मुद्दे को लेकर शीतकालीन संसद सत्र में इंडिया गठबंधन में दरार दिखने लगी है। अडानी के मुद्दें पर कांग्रेस और राहुल गांधी लगातार संसद में हंगामा कर रहे हैं, सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। वहीं, अडानी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी कांग्रेस से अलग अपना रुख दिखाते हुए आम सहमति नहीं बना पा रहे हैं। वैसे भी ये दोनों दल ही 66 सांसदों के साथ गठबंधन के मजबूत आधार है। निश्चित रूप से कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन का शानदार प्रदर्शन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। हरियाणा विधानसभा चुनावों में हमने देखा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी थी और वहां भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए सरकार बनाने में कामयाब रही। महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आप ने तो कांग्रेस से दूरी बनायी ही है, अन्य दल भी दूरियां बना रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस एवं आप के बीच सहमति नहीं पायी है। आप ने समझ लिया है कि गठबंधन से कांग्रेस को ही फायदा अधिक होता है। इस तरह गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक पहले भी छंटते हुए दिखाई दिये हैं और दिल्ली में ही ऐसा होता हुआ दिख रहा है। कांग्रेस, आप एवं भाजपा के त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिला है और आगे भी ऐसा ही होने की संभावनाएं है। महाराष्ट्र चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखरा हुआ ही प्रतीत हुआ, सपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ा, भले इससे राज्य की सियासत पर असर न पड़ा हो, लेकिन इसके गहरे राजनीतिक मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे अडाणी जैसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए।

## • किसने क्या कहा



देश को खंडित और संस्थाओं को अपमानित करने की हो रही साजिश

जगदीप धनखड़
उप राष्ट्रपति



इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है

नितिन गडकरी
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

# पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में कारगर उपचार ढूंढा जाये

विशेष — डॉ. आरके सिन्हा

> पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ केवल बीमारियों के इलाज पर ही केंद्रित नहीं हैं बल्कि रोगों की रोकथाम पर भी जोर देती हैं। आयुर्वेद और योग जैसे पद्धतियाँ जीवनशैली में बदलाव, आहार और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। ये पद्धतियाँ शरीर और मन के बीच संबंध को समझती हैं और समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ प्रकृति से प्राप्त जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक उपचारों का व्यापक उपयोग करती हैं। ये उपचार अक्सर कम साइड इफेक्ट वाले होते हैं और आधुनिक दवाओं की तुलना में शरीर पर कम हानिकारक प्रभाव डालते हैं। भारत की जैव विविधता ने सदियों से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पोषित किया है और इन पद्धतियों को अद्वितीय उपचार विकसित करने का अवसर प्रदान किया है।

**सुप्रीम** कोर्ट में पिछले दिनों याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को भी शामिल करने की मांग की गई है। यह बिल्कुल ठीक है कि ऐसा करने से देश की बड़ी आबादी को सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही, पारंपरिक चिकित्सा को भी पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा और वे पहले की भाँति फिर लोकप्रिय हो सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ जैसे आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी इत्यादि गरीब जनता के लिए कई मायनों में वरदान रही हैं और सरकारी संरक्षण प्राप्त होने पर और भी लोकप्रिय साबित हो सकती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आमतौर पर आधुनिक चिकित्सा की तुलना में उपचार की लागत काफी ज्यादा कम होती है। यह गरीब लोगों के लिए जो महंगे अस्पताल और दवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते, उनके लिए बहुत लाभकारी होती हैं। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स पिछले दिनों एक निजी यात्रा पर भारत आए हुए थे। उनके साथ उनकी पत्नी क्वीन कैमिला भी थीं। वे बेंगलुरु के पास एक आधुनिक आरोग्यशाला 'होलिस्टिक हेल्थ सेंटर' में ठहरे। तीन दिनों की यात्रा के दौरान किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने योग, मेडिटेशन सेशन और योग थेरेपी का भरपूर आनंद उठाया। यानी सामान्य रोगियों से लेकर ब्रिटेन के किंग को भी अब समझ में आ गया है कि सेहतमंद रहने और स्मार्ट दिखने के लिए भारत के आधुनिक डॉक्टरों और परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों से इलाज करवाना कहीं ज्यादा सही रहेगा। पारंपरिक चिकित्सक अक्सर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं, जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ कुछ ही 'मल्टी स्पेशलिटी' अस्पतालों तक ही सीमित होती हैं। अतः यह पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ग्रामीण गरीबों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और इनमें गरीब ग्रामीणों का अटूट विश्वास भी है। ज्यादातर पारंपरिक उपचार स्थानीय रूप से उपलब्ध जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर ही आधारित होते हैं, जिसकी लागत कम होती है। खास बात यह है कि ये पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियाँ अक्सर शरीर और मन दोनों को एक साथ स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो आधुनिक चिकित्सा की तुलना में अधिक समग्र दृष्टिकोण है। यह जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत कारगर मदद कर सकती हैं। कुछ पारंपरिक उपचारों की प्रभावशीलता के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाणों का अभाव गिना दिया जाता है क्योंकि आधुनिक वैज्ञानिक रूप से स्वीकार्य प्रयोगों पर आधारित साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को चाहिये कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक शोध के आधार पर इनके कारगर परिणाम के साक्ष्य उपलब्ध करवाए। इससे रोगियों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सिद्ध और स्थापित हो सकेगी, नहीं तो पारम्परिक सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों पर सवाल उठते ही रहेंगे। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। इनमें गहन शोध होना ही चाहिए। यह भी मानना होगा कि पारंपरिक चिकित्सा व्यवसाय का नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण अक्सर अपर्याप्त होता है। सरकार को इस तरफ भी देखना होगा।

इनके कुछ चिकित्सक ऐसे दावा करते हैं जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, जिससे रोगियों को भ्रमित किया जा सकता है और उनका स्वास्थ्य जोखिम में पड़ सकता है। अतः आयुष मंत्रालय को वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर इन दावों की प्रमाणिकता या तो सिद्ध करनी होगी या फिर खारिज करना होगा। खैर, ये पद्धतियाँ जनता के लिए वरदान तो हो ही सकती हैं, खासकर जब वे आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत हों और उचित नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ संचालित हों। हालांकि, इन पद्धतियों की सीमाओं और चुनौतियों को भी स्वीकार करना और उनका समाधान करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह उपचार पद्धति भी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणिक है। भारत अपनी विविधता और समृद्ध इतिहास के लिए जाना जाता है, जिसमें अनेकों पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ हजारों वर्षों से चली आ रही हैं। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा, होमियोपैथी और अनेक अन्य प्रणालियाँ सदियों से भारतीय समाज के स्वास्थ्य और कल्याण का अभिन्न अंग रही हैं। आज, जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति तेजी से आगे बढ़ रही है, तब भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि यह और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। विश्व भर से प्रतिवर्ष हजारों अत्यंत पढ़े- लिखे और समृद्ध लोग आखिर भारत आकर इन चिकित्सा पद्धतियों पर लाखों खर्च क्यों करते हैं। वे सभी पागल तो हैं नहीं। उन्हें निश्चित रूप से लाभ मिल रहा है तभी तो वे यहाँ आकर महीनों रहकर , लाखों खर्चकर स्वस्थ होकर वापस जा रहे हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा का वितरण असमान है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच सीमित होने के कारण, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# संसद में टीशर्ट, जार्ज सोरेस और धनकड़

गौरतलब — राकेश अचल

> सभापति सबके होते हैं, होना चाहिए, लेकिन धनकड़ सबके नहीं हैं, वे भाजपा के जीवनव्रती सदस्य बने रहना चाहते हैं। वे शायद भूल गए हैं कि वे अब बंगाल के राज्य पाल नहीं बल्कि राजयसभा के सभापति हैं। राजयसभा के सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा भी है कि उन्होंने धनकड़ जैसा पक्षपाती सभापति अपने पूरे जीवनकाल में नहीं देखा। मै एक साधारण पत्रकार हूँ लेकिन मैंने भी धनकड़ जैसा सभापति अपने जीवनकाल में नहीं देखा।

**संसद** में इन दिनों तमाशा ही तमाशा चल रहा है, काम हो नहीं रहा। काम होगा भी नहीं, क्योंकि सरकार कहती है कि उसके पास तमाम विधेयक पारित करने के लिए पर्याप्त संख्या बल है। संसद के दोनों सदनों में जो कुछ हो रहा है उसमें से बहुत कुछ अप्रत्याशित भी है और बहुत कुछ प्रायोजित भी। संसद की गरिमा की फिक्र किसी को नहीं है। यदि आप संसद की कार्रवाई देखते हों तो आपको पता होगा की संसद के दोनों सदनों में भाजपा,कांग्रेस और शेष विपक्ष के सदस्यों का आचरण कैसा है। संसद चलाने वालों का आचरण कैसा है ? सबसे पहले लोकसभा की बात करें। लोकसभा में हंगामा जारी है ,क्योंकि सरकार ऐसा चाहती है। सरकार कांग्रेस के और विपक्ष के दूसरे दलों के सांसदों के प्रश्नों के उत्तर नहीं देना चाहती है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू को और कुछ नहीं तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी की टीशर्ट पर ही आपत्ति है। उनका मानना है कि टीशर्ट पहनकर संसद में आने से सदन की गरिमा गिरती है। किरेन का ये तर्क आपके गले उतरता हो तो अलग बात है, लेकिन मेरे गले तो नहीं उतरता। संसद के किसी भी सदन में अभी तक कोई ड्रेस कोड नहीं है, क्योंकि संसद संघ की शाखा नहीं बल्कि देश भर के अलग-अलग हिस्सों से चुनकर आने वाले जन प्रतिनिधियों का मंच है। सबकी अलग-अलग वेश-भूषा है। लेकिन किरेन ये नहीं समझते। लोकसभा में ही लोकसभा के अध्यक्ष अडानी या अम्बानी का जिक्र आते ही भड़क जाते है। वे कहते हैं कि अडानी या अम्बानी सदन के सदस्य नहीं है इसलिए उनका नाम सदन के भीतर नहीं लिया जा सकता, लेकिन दूसरी तरफ लोकसभा अध्यक्ष को अमेरिका के जार्ज सोरोस का नाम लेकर कांग्रेस के नेताओं पर हमला किये जाने से कोई आपत्ति नहीं है। मुमकिन है की लोकसभा अध्यक्ष को लगता हो की जार्ज सदन के सदस्य हैं इसलिए उनके नाम का उल्लेख किया जा सकता है। सत्तारूढ़ दल विपक्ष के किसी भी आरोप पर,सवाल पर कुछ बोलने के बजाय बेसिर-पैर के मुद्दे उठाकर हर सवाल से बचने की कोशिश में लगा हुआ है ,यदि ऐसा न होता तो सदन में न राहुल की टीशर्ट पर सवाल उठते और न जार्ज सोरोस और कांग्रेस के रिश्तों पर। अब चलिए राज्यसभा मे। यहां तो विपक्ष ने सभापति जगदीप धनकड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर ही दिया है। जाहिर है कि विपक्ष के सब्र का बांध टूट गया है, अन्यथा सभापति का इतना मान तो होता है कि कोई उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव न लाये।

## आज का इतिहास

- गुलाम वंश के शासक इल्तुतमिश ने 1232 में ग्वालियर पर कब्जा किया।
- पेनसिल्वेनिया अमेरिका के संविधान को अंगीकार करने वाला 1787 में दूसरा प्रांत बना।
- वाशिंगटन डीसी को 1800 में अमेरिका की राजधानी बनाया गया।
- अमेरिका द्वारा मेक्सिको को 1822 में एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई।
- ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1884 में पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
- भारत की राजधानी 1911 में कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की गई।
- जॉर्ज पंचम और 1911 में मेरी भारत के सम्राट के रूप में भारत आए।
- चीन के राष्ट्रपति युवान शी की ने 1915 में राजतंत्र को पुनः बहाल कर स्वयं को चीन का सम्राट घोषित किया।
- फ्रेंच आल्प्स में 1917 में फ्रांसीसी सेना की ट्रेन के पटरी से उतरने से 543 लोगों की मौत हो गयी।
- इटली में 1923 में पो नदी बांध फटने से 600 लोगों मारे गए।
- चीन के नेता च्यांग काई शेक ने 1936 में जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- इरानी शाही सेना ने 1947 में अजरबाइजान में सत्ता पर पुनः अधिकार कियाकर लिया।
- गिनि 1958 में संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।
- केन्या 1963 में स्वतंत्र हुआ।
- भारतीय संसद द्वारा पूर्व राजाओं को प्रदान की जानी वाली सभी सुविधायें 1971 में रद्द कर दी गई।
- पेरू के पूर्व प्रतिनिधि जेवियर पेरेज द कुइयार 1981 में सं.रा. संघ के महासचिव निर्वाचित।
- टी. एन. शेषन 1990 में मुख्य निर्वाचन आयुक्त हुए।
- भारत एवं बांग्लादेश के मध्य 1996 में गंगाजल के बंटवारे को लेकर 30 वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर।
- भारत ने 2001 में नेपाल को दो चीता हैलीकॉप्टर और हथियार दिये।

## सुविचार

दूब की तरह छोटे बनकर रहो। जब घास-पात जल जाते हैं, तब भी दूब जस की तस बनी रहती है।

**गुरु नानक**

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है, मगर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।

**तुलसीदास**

## अंकजाल - 7755

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 22 | 19 | 22 | | 23 | 22 | 17 | 16 | |
| 14 | | 2 | | | | 8 | | 2 | 26 |
| 16 | 3 | | 5 | | 6 | | 3 | | 22 |
| 18 | | 4 | | | | 7 | | 8 | 22 |
| 25 | 7 | | 3 | | 2 | | | | |
| 73 | 4 | | | 2 | | 7 | | 3 | 27 |
| 18 | 7 | | 5 | | | | 2 | | 12 |
| 20 | | 3 | | 7 | | 8 | | 5 | 21 |
| 24 | 8 | | 4 | | | | 7 | | 18 |
| | 21 | 11 | 13 | 27 | | 28 | 26 | 16 | |

### अंकजाल 7754 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 14 | 21 | 21 | | 32 | 21 | 12 | 19 | |
| 12 | 2 | 7 | 3 | | 4 | 5 | 4 | 9 | 22 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 16 | 8 | 2 | 6 | | 7 | 9 | 3 | 7 | 26 |
| 21 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | | 4 | 6 | 8 | 18 |
| | 21 | 15 | 16 | 30 | | 19 | 18 | 22 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## व्यवहार की दुनिया

**बहुत** बड़ा कवि था इमरसन। वह घूमने निकला। अकस्मात वर्षा आ गई। उसके पास अपनी कविताओं की एक पांडुलिपि थी। भीगने के डर से उसने वह पांडुलिपि एक दुकानदार के पास रख दी। इमरसन चला गया। दुकानदार ने कहा कि पन्ने भरे हुए हैं, कुछ खाली हैं वह भरे हुए पन्नों में वस्तुएं लपेटकर ग्राहकों को देता रहा। कुछ देर बाद जब वर्षा रूकी, इमरसन आया। पांडुलिपि मांगी। दुकानदार ने कहा, माफ करना, भरे पन्नों का मैंने उपयोग कर लिया है। खाली पन्ने ज्यों के त्यों हैं। भरे काम के नहीं थे। खाली लिखने के काम आ सकते हैं। यह सुनते ही इमरसन का माथा ठनका। उसकी महत्वपूर्ण कविताओं के पन्ने निकल चुके थे। शेष बचे थे केवल कोरे कागज। व्यवहार की दुनिया में खाली का मूल्य नहीं होता, भरे का मूल्य होता है। खाली पन्ने का क्या मूल्य हो सकता है व्यवहार की दुनिया में? इसी प्रकार खाली चित्त और खाली मन का भी क्या मूल्य हो सकता है व्यवहार की दुनिया में? व्यवहार में जीने वाले यही चाहते हैं कि ये सब सदा भरे ही रहें, कभी खाली न हों। जब अध्यात्म की यात्रा शुरू होती है तब भरे का क्या मूल्य है और खाली का क्या मूल्य है, स्पष्ट हो जाता है। उस यात्रा में अनुभव होता है कि लिखा हुआ कागज चला गया, अच्छा हुआ।

# भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता

**प्रियंका सौरभ**

**कोठारी** आयोग ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता की नींव रखी और शैक्षिक सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसने 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की सिफारिश की, जिसने भारत की शिक्षा प्रणाली में भविष्य के सुधारों के लिए मंच तैयार किया। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य समानता में सुधार करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। इसने पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम पेश किया और व्यावहारिक कौशल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया। इस योजना का उद्देश्य पोषण मानकों में सुधार करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना था। एसएसए का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना और लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को खत्म करना था। आरटीई अधिनियम ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बना दिया, जिससे सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित हुई। एनसीएफ 2005 का उद्देश्य सीखने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर शिक्षा को वास्तविक दुनिया की जरूरतों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना था। इसने रटने की आदत से हटकर परियोजना-आधारित सीखने और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया। समग्र शिक्षा अभियान एकीकृत योजना का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार करना था। इसने हाशिए पर पड़े छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और समावेशी शिक्षा के लिए स्कूलों को अनुदान प्रदान किया। एनईपी 2020 ने प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षा 10 के बाद कठोर धाराओं को खत्म करने जैसे परिवर्तनकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा। यह समग्र विकास के उद्देश्य से शिक्षा के मार्गों में बहु-विषयक सीखने और लचीलेपन पर जोर देता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियाँ क्षेत्रों में गुणवत्ता की असमानताएँ हैं। भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जहाँ कई ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढाँचे और योग्य शिक्षकों की कमी है। एएसईआर 2018 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 50% बच्चे ही बुनियादी पाठ पढ़ सकते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को उजागर करता है। शिक्षा प्रणाली अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे छात्र कार्यबल में आवश्यक व्यावहारिक नौकरी कौशल के लिए तैयार नहीं होते हैं। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में, परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है। शिक्षक प्रशिक्षण की कमियाँ: शिक्षकों के प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जो शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सम्बोधित करने में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की आलोचना की गई है।

## राशिफल

**मेष** — आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी।

**तुला** — ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृष** — संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन** — पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे।

**धनु** — अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कर्क** — मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी।

**मकर** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**सिंह** — निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे।

**कुंभ** — हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें।

**कन्या** — कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**मीन** — मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी।

# सनातन संस्कृति की ध्वजा विश्व में फहरा रही गीता प्रेस

गौरतलब — हितानंद शर्मा

> गीता प्रेस के आदि संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाईजी' के उल्लेख के बिना गीता प्रेस की चर्चा पूर्ण नहीं होगी। भाईजी वीर सावरकर के निकट के क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। अपने मौसेरे भाई जयदयाल के अगाध गीता प्रेम एवं ज्ञान को देखते हुए भाईजी ने श्रीमद्भगवत गीता को लागत मूल्य से भी कम में जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस संकल्प की पूर्ति के लिए अपने एक प्रकाशन की आवश्यकता थी जो गोरखपुर में प्रारंभ हुआ। प्रचार-प्रसार से दूर एक अकिंचन सेवक और निष्काम कर्मयोगी की तरह भाईजी ने सनातन संस्कृति की मान्यताओं को घर-घर तक पहुँचाने में जो अतुलनीय योगदान दिया है।

**मानव** इतिहास में धर्म स्थापना के लिए हुए सबसे भीषण महायुद्ध के बीच भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया गीता का ज्ञान आज भी अमृत रूप में प्रवाहित हो रहा है। श्रीमद्भगवत गीता केवल अर्जुन के लिए नहीं, सनातन समाज के लिए भी नहीं बल्कि विश्व मानवता के शुभ के लिए ईश्वरीय संदेश है। गीता के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को जान सकता है और ईश्वरीय सत्ता का अनुभव भी कर सकता है। गीता जयंती मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी तिथि को मनाई जाती है। यह वही दिन है जब श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। गीता के ईश्वरीय संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य 'गीता प्रेस गोरखपुर' द्वारा पिछले 102 वर्षों से बिना रुके पूरे श्रद्धाभाव से किया जा रहा है। भारत के घर-घर में श्रीमद्भगवत गीता और रामायण की प्रति पहुंचाने का श्रेय गीता प्रेस को ही जाता है। गीता प्रेस अब तक श्रीमद्भगवत गीता की 16 करोड़ 21 लाख प्रतियां प्रकाशित कर श्रद्धालु पाठकों तक पहुंचा चुका है।

अब तक 41 करोड़ 71 लाख पुस्तकें छापकर विश्व का सबसे बड़ा प्रकाशन संस्थान होने के बाद भी आश्चर्य की बात यह है कि गीता प्रेस न तो किसी से चंदा लेता है और न ही अपने प्रकाशनों में विज्ञापन ही स्वीकार करता है। जब वर्ष 2021 में गीता प्रेस को उसके उल्लेखनीय कार्यों के लिए भारत सरकार का गरिमामय 'महात्मा गांधी शांति पुरस्कार' प्रदान किया गया तो संस्थान ने पुरस्कार को पूरे सम्मान के साथ ग्रहण किया, पर इसके साथ प्रदान की जाने वाली एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि सरकार वापस लौटा दी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस संस्थान को देखने के लिए आए थे। लागत मूल्य से 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर बहुमूल्य पुस्तकें पाठकों तक पहुंचाने वाला गीता प्रेस वास्तव में सामाजिक-धार्मिक जागरण का एक आंदोलन ही है।

भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की पावन धरा उत्तर प्रदेश का प्रवास तो मेरा पहले भी होता ही रहा है किन्तु इसी वर्ष संयोग से संगठन के कार्य से मुझे गोरक्ष प्रांत यानी गोरखपुर सहित आसपास के क्षेत्रों का प्रभार सौंपा गया। ऐसे में गोरखपुर में गोरक्ष पीठ सहित एक महत्वतपूर्ण तीर्थ गीता प्रेस के दर्शन का सौभाग्य भी मिला। प्रकाशन का केंद्रीय कार्यालय गोरखपुर में ही है। हिन्दू धर्म, अध्यात्म, दर्शन सहित मानव कल्याण के अनेक विषयों पर पुस्तकें प्रकाशित कर चुका गीता प्रेस आधुनिक समय का तीर्थ ही है। राजा भागीरथ के महान तप से पुण्य प्रवाहिनी मां गंगा का धरती पर अवतरण संभव हो सका था। इक्ष्वाकु वंश के राजा भागीरथ ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए गंगा को धरती पर लाने का प्रण पूर्ण किया था। इसी प्रकार गीता प्रेस के संस्थापक, ब्रह्मलीन जयदयालजी गोयंदका के ऐसे ही महान तप का सुफल यह प्रकाशन है। वैसे तप तुलना का विषय नहीं है किन्तु धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, भक्ति एवं मानवता के उद्धार के लिए गोयंदका जी द्वारा स्थापित गीता प्रेस आज भी पुण्य प्रवाहमयी ज्ञान सरिता है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कसाई मोहल्ला मुस्लिम नगर में बुधवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने सद्दाम कुरेशी नामक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया।
वहीं घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, एसआई सोनू चौधरी, टिओपी वन प्रभारी रूद्रानंद सरस टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह रोहित कुमार,सूर्यनाथ सिंह, संतन कुमार, इसरार अहमद,मुकेश सिंह,मंजेश कुमार, सहायक पुलिस के जवान प्रफुल्ल सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं ।वही गंभीर हालत में युवक को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया था। बाद में युवक को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।जख्मी युवक सद्दाम कुरैशी मेदिनीनगर के मुस्लिम नगर का रहने वाला है ।बुधवार की सुबह वह अपने घर के बाहर निकला था ।इस दौरान एक बाइक से दो अपराधी चेहरा बांधे हुए पहुंचे। अपराधियों ने सद्दाम कुरैशी को टारगेट कर गोली चलाई, सद्दाम बचने के लिए झुका तो इसी क्रम में गोली उसके बांह पर लग गई। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है ।पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है।

### आर्टिस्ट राइटर एसोसिएशन का मेगा ऑडिशन सम्पन्न

**मेदिनीनगर :** आनंद मार्ग की इकाई रेनेसां आर्टिस्ट राइटर एसोसिएशन (रावा) के तत्वावधान में मेगा ऑडिशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आनंद मार्ग स्कूल, नई मोहल्ला, मेदिनीनगर में हुआ, जिसमें गायन, नृत्य, योगा और अभिनय जैसी विविध प्रतिभाओं का मूल्यांकन किया गया ।ऑडिशन में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 50 बच्चों को सेकंड राउंड के लिए तैयार किया गया और 15 प्रतिभागियों का अंतिम चयन किया गया। ये प्रतिभागी पलामू, गढ़वा, और लातेहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए थे।

मजदूर मंगरा उरांव उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से लापता
**गुमला :** अरमई बेहरा टोली गांव के मजदूर युवक मंगल उरांव पिता चरवा उरांव यूपी के बनारस सुल्तान पुर चौरी बजार ईट भट्ठा से अपने घर वापस आने के दौरान 12/11/24/ को हुआ लापता इस दरमियान घरवाले बहुत छानबीन किया लेकिन जब कोई पता ना चल सके तो आज दिनांक 11/12/24/ को लापता मजदूर मंगल उरांव के मां अगंनी उराईन ने गुमला आ कर पुरे घटनाक्रम की जानकारी मजदूर संघ सीएफटीयूआई गुमला जिला वा झारखंड प्रदेश कार्यालय में लिखित आवेदन देते हुए अपने लापता बेटा को खोज बीन कराने की गुहार लगाई है।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा गुमला जिला समिति की बैठक सम्पन्न

**गुमला :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा गुमला जिला स्तरीय समिति की बैठक इंडोर स्टेडियम गुमला में अध्यक्ष रघुनंदन उरांव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में विधानसभा चुनाव 2024 की समीक्षा की गईऔर आगामी कार्यक्रम पर चर्चा हुई। बैठक में संबोधित करते हुए मोर्चा के वरिष्ठ नेता हंदू भगत ने कहा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा गुमला जिले में विधानसभा चुनाव के बीच चर्चा में आई ।

### दुष्कर्म के आरोपी के घर पुलिस ने इश्तहार चिपकाया

**गढ़वा :** दुष्कर्म का आरोपी चैनपुर थाना क्षेत्र के तेतरियादामार निवासी दीपक कुमार सिंह के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी प्रवीन कुमार, सब इंस्पेक्टर प्रदीप केसरी ने बुधवार को यह कार्रवाई की। गाजेबाजे के साथ आरोपी के घर पहुंचकर न्यायालय की ओर से निर्गत इश्तेहार को चिपकाया गया। उन्होंने बताया कि वह घटना के बाद से ही फरार चल रहा है। उसके आत्मसमर्पण नहीं करने पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

# उपायुक्त ने मनिका में संचालित विभिन्न योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मनिका/लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार को मनिका प्रखंड के सिंजो पंचायत तथा मनिका पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उपायुक्त ने सर्व प्रथम मनिका डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया तथा कई दिशा निर्देश दिया ।इसके बाद उपायुक्त ने सिंजो आंगन बाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया जहां व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर किया तथा सीडीपीओ को फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार लाने का दिशा निर्देश दिया वहीं सिंजो ग्राम



में महिला समूह द्वारा संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान के निरीक्षण के क्रम में स्टॉक पंजी के संधारण में खामी होने पर समूह के संचालिका को पंजी को सही तरीके से तिथि वार संधारित करने का निर्देश दिया इसके बाद उपायुक्त ने मनिका में निमार्णाधीन प्राथमिक स्वास्थ केंद्र भवन का निरीक्षण किया तथा संवेदक को मार्च तक पूर्णकर विभाग को सौंपने का निर्देश दिया ।वही प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मनिका के निरीक्षण के दौरान दवा वितरण पंजी के संधारण में त्रुटि पाया जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रभारी को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की बात कही। गुरुकुल में संचालित कौशल विकास केंद्र के निरीक्षण के दौरान वहां प्रशिक्षण ले रही लड़कियों से मिलकर उन्हें दिए जा रहे प्रशिक्षण से संबंधित कई जानकारी साझा किया तथा प्रशिक्षण केंद्र संचालक को प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश दिया ।भ्रमण के क्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने मनिका स्थित कृषि फार्म में पहुंचकर वहां के स्थिति का जायजा लिया तथा कृषि फार्म में किसानों को दिया जाने वाली प्रशिक्षण के बाबत फार्म संचालक एन जी ओ के पदाधिकारी को किसानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण को शुरू नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर किया तथा प्रशिक्षण कार्य जल्द शुरू करने को कहा।

## जिले के अयोग्य राशन कार्डधारियों से डीसी ने कार्ड सरेंडर करने की अपील की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** पलामू के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने जिले के आर्थिक रूप से सम्पन्न राशन कार्डधारियों को अपना कार्ड आगामी 20 दिसंबर आपुर्ति विभाग के समक्ष सरेंडर करने की अपील की है,ऐसा नहीं करने पर संबंधितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने एवं वसूली करने की बात कही है ।उन्होंने कहा कि जिले में कई ऐसे संपन्न परिवार हैं जो आर्थिक रूप से मजबूत होने के बावजूद राशन कार्ड रखकर राशन का उठाव कर रहे हैं,जिसके कारण जिले के कई योग्य व्यक्ति राशन कार्ड योजना से वंचित है साथ ही विभाग को आर्थिक हानि भी हो रही है ।उन्होंने कहा कि जिले के लिये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 अंतर्गत कुल 1828926 सदस्यों को आच्छादित किए जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित है ऐसी स्थिति में राशन कार्ड में छूटे हुए लाभुक परिवार के




सदस्यों का नाम जोड़ने हेतु प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति नहीं हो पा रही है ।सरकार द्वारा निर्धारित अपवर्जन मानक के अन्तर्गत आने वाले राशन कार्डधारियों को राशन कार्ड सरेंडर करना अनिवार्य है ।उन्होंने वैसे कार्डधारी जो आर्थिक रूप से सम्पन्न हैं,उनसे स्वेच्छा से आगामी 20 दिसंबर तक राशन कार्ड का सरेंडर हेतु आवेदन (प्रपत्र-10 जी) में अपने राशन डीलर के जरिये संबंधित प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को समर्पित करने की अपील की है।

## मिड डे मील में बच्चों को नहीं मिल पा रहा पौष्टिक आहार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**महुआडांड़/लातेहार :** बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रति आकर्षित करने, बच्चों को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा मिड डे मील योजना की शुरूआत की गई। जिसके अंतर्गत एक निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। लेकिन महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत दर्जनों सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन में बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं मिल पा रहा है। बच्चों की थाली में जो भोजन दिया जा रहा है, वह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक साबित हो रहा है। कई विद्यालय में भोजन के नाम पर बच्चों को चावल के साथ बिल्कुल पतली दाल (दाल की मात्रा ना के बराबर) आलू की उबली हुई सब्जी दी जा रही है, जिससे बच्चों को पेट में दर्द गले में दर्द जैसी परेशानी भी हो रही है। जिससे दिनों दिन विद्यालय में आने वाले बच्चों की संख्या भी घटती जा रही है। वहीं शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से जांच नहीं होने के कारण विद्यालय प्रधानों को भी खुली छूट मिली हुई है। विद्यालयों में बच्चों की लगातार घट रही संख्या पर भी अधिकारी कोई विशेष ध्यान नहीं देते। इस संबंध में विद्यालय की रसोईयां बताती है कि मिड डे मील के लिए जो फंड दिया जाता है, वह समय पर नहीं मिलता और ना ही हम लोगों की मजदूरी सही समय पर मिलती है।

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन, प्रतिभागियों ने दिखायी प्रतिभा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** नेहरु युवा केंद्र लातेहार , जिला खेल कार्यालय व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 11 दिसंबर को बनवारी साहू महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया. इस उत्सव में 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं ने भाग लिया. कुल 11 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इसमें नृत्य, गायन, कहानी लेखन, कविता लेखन , पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला , मोबाइल फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इससे पहले युवा उत?सव का उदघाटन बनवारी साहु महाविद्यालय शासी निकाय की सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रो प्रदीप तिवारी, नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी व



जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार व एनएसएस के नोडल अधिकारी प्रो नवल किशोर प्रसाद समेंत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर एवं स?वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पाजंलि कर किया. युवा उत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए जिला युवा पदाधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वित्तीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र दिया जायेगा. जिला स्तरीय युवा उत्सव के प्रथम विजेता प्रमंडल व स्तरीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगें. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को तत्पश्चात 11 और 12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस में शामिल होने का मौका मिलेगा ।

## 20 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण, जिप सदस्य ने किया स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बरवाडीह/लातेहार :** परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 महिलाओं सफल बंध्याकरण विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर सीमा रानी के द्वारा किया गया। सभी महिलाओं के ऑपरेशन किए जाने के बाद चिकित्सकों की देखरेख में वार्ड मे भर्ती कर दिया गया। वही ऑपरेशन के बाद देर रात स्थानीय जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर नें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर ऑपरेशन के बाद वार्ड में भर्ती सभी मरीजों से मुलाकात करते हुए, उनका हालचाल जाना और चिकित्सकों के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों को सभी महिलाओं की बेहतर तरीके से देखभाल करने का भी निर्देश दिया ।

### अतिक्रमण हटाने के लिए जगह किये जा रहे चिन्हित , 24 घंटे का मिला समय

## अतिक्रमण से हो रहा शहर में जाम की स्थिति : सीओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार:** एसडीओ अजय कुमार रजक के निर्देश पर लातेहार शहरी क्षेत्र में बुधवार को नगर पंचायत और अंचल कार्यालय के द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित करने के लिए अभियान चलाया गया। यह अभियान ब्लॉक परिसर से शुरू होकर अम्वाटीकर चौक तक चला। अभियान के तहत सड़क का अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है और उन्हें मार्क किया जा रहा है और 24 घंटे के भीतर हटा लेने का निर्देश दिया जा रहा है। इतना ही नहीं अतिक्रमण हटाने में जो खर्च होगा, उसे भी दुकानदार के द्वारा वसूल किया जाएगा। इस अभियान में दुकान के बाहर छज्ज निकालने वाले, ठेला



संचालक, दुकान के बाहर सामान निकालकर सड़क पर रखने वालों, पार्किंग का अतिक्रमण करने वालों आदि को चिन्हित किया गया और उन्हें 24 घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया गया। अभियान के बारे में जब फ्रीडम फाइटर के संवाददाता ने सदर अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो से बात की तो उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग (सड़क) किनारे दुकानदारों के द्वारा अपने दुकान के बाद सड़क का अतिक्रमण करने के चलते जिला मुख्यालय में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को सूचित करने के लिए माईकिंग भी किया जा रहा है, ताकि दुकान संचालक सड़क का अतिक्रमण ना करें। पर कुछ ऐसे लोग हैं, जो प्रशासन के आदेश का पालन नहीं कर रहे है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, साथ ही अतिक्रमण हटाने के दौरान जो खर्च लगेगा उन्हीं के द्वारा वसूला जाएगा। इस अभियान में सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, अंचल कार्यालय के अमिन दीपक कुमार, सीआइ चार्च गिद्द, कर्मचारी सवेश राम और नगर पंचायत से नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, जेई अमित कुमार, टैक्स कलेक्टर राजु प्रसाद गुप्ता, फिल्ड सुपरवाईजर रंधीर कपूर सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

## हाइ टेंशन टावर काटते 05 गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार:** चंदवा थानेदार रणधीर कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी की बीती रात संगठित लोहा चोरों का गिरोह बिजली टावर काटने की जानकारी मिलते ही त्वरित करवाई करते हुए छापामारी की गई ,जिसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है.विज्ञप्ति में बताया गया कि चंदवा थाना क्षेत्र के एकमहुआ गांव के पास संगठित अपराधिक गिरोह द्वारा टॉवर की कटींग कर टॉवर एंगल पीकअप वाहनों पर लोडकर को बेचने हेतू ले जाने वाले थे,जिसे पुलिस ने मौके से ही पकड़ लिया, पकड़े गया लोहा में टॉवर का एंगल मुख्य रूप से है, गिरफ्तार अपराधियों को चन्दवा थाना में मामला दर्ज कर लातेहार जेल भेज दिया.सूत्रों से मिली जानकारी के



अनुसार पकड़े गए सभी अपराधी सरगना कोई महमूद नाम का चर्चित नाम है,हालांकि पुलिस सरगना का नाम उजागर नहीं कर रही है,सूत्रों का कहना है कि चंदवा क्षेत्र से चोरी का लोहा और टावर काटकर बालूमाथ, कुडू,के साथ स्थानीय कबाड़ खाने में खपाए जाते हैं,मौके से गिरफ्तार अपराधी- राहुल ठाकुर, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता मनोज ठाकुर, सा० रुद, गोली, थाना चन्दवा,समीर खान, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता इजाबुल खान, सा० कुजरी, थाना चन्दवा,मंगलदेव उरांव, उम्र करीब 38 वर्ष, पिता रति उरांव, सा० चितरपुर, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार,फुलदेव उरांव,उम्र करीब 32 वर्ष, पिता स्व० मंगरा उरांव, सा० चितरपुर, थाना बालूमाथ,संगु भुईयाँ, उम्र करीब 37वर्ष, पिता कुंजु भुईयां आदि थे ।

### गारू में बीडीओ और सीओ का औचक निरीक्षण

## शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों को दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गारू/लातेहार :** गारू बीडीओ अभय कुमार और सीओ दिनेश कुमार मिश्रा ने राज्य अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गारू का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी एसटी रेजिडेंशियल स्कूल का औचक निरीक्षण किया और कक्षा 9 और 10 के छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने छात्रों को प्री बोर्ड परीक्षा में अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ भाग लेने की सलाह दी। बीडीओ और सीओ ने छात्रों को विज्ञान और गणित विषयों में शिक्षा देने के लिए भी समय दिया। साथ ही, उन्होंने



शिक्षकों को समय पर आने और अनुशासन में रहते हुए नियमित रूप से छात्रों को शिक्षा देने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों द्वारा छात्रों के पठन-पाठन में लापरवाही और अनधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार और खराब पेयजल फिल्टर को ठीक करने का भी निर्देश दिया।

### उद्घाटन मैच में आर एस सी सी ने यूथ क्लब को 195 रनो से हराया

## आकाश सिन्हा ने जड़ा शतक, बना मैन ऑफ द मैच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** लातेहार जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन बुधवार को जिला खेल स्टेडियम में किया गया.उद्घाटन मैच आरएससीसी तथा यूथ क्लब के बिच खेला गया. जहाँ आरएससीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरो में 7 विकेट खोकर 317 रनो का विशाल स्कोर किया. जिसमे आकाश सिन्हा ने 107, रोहित कुमार महतो ने 71 तथा राजा बाबू ने 62 रनो का योगदान दिया. यूथ क्लब कि ओर से कृष्णा तथा ऋषभ राज ने दो दो विकेट लिए. जवाबी पारी खेलने उत्तरी यूथ क्लब की पूरी टीम 122 रन पर ढेर हो गयी.



### खेल में भी रोजगार के असीम संभावनाए हैं : सुरेंद्र कुमार

**लातेहार :** लातेहार जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन बुधवार को जिला खेल स्टेडियम में किया गया। उद्घाटन के मुख्य अतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, तथा संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बल्लेबाजी कर किया । मौके पर श्री कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाडी अपने खेल को ईमानदारी पूर्वक प्रदर्शन करें। तो खेल में भी अपना भविष्य तथा रोजगार के साधन तलाश सकते हैं ।

जिसमे चन्दन कुमार 34, हिमांशु ठाकुर 22 रनो का योगदान दिया। आरएससीसी की ओर से राजा बाबू ने 3 विकेट चटकाए ।

## उप विकास आयुक्त ने उताकी पंचायत का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर :** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को पाटन प्रखण्ड के उताकी पंचायत का



औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि पंचायत में बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिए पूर्ण व्यवस्था रहने के बावजूद पंचायत में पदस्थापित किसी भी कर्मी द्वारा पंचायत कार्यालय मेंउपस्थिति दर्ज नहीं किया जा रहा है। इसके अलावे जनसेवकों के द्वारा उपस्थिति कहीं दर्ज नहीं की जाती है ।इसके लेकर उताकी के मुखिया, पंचायत सचिव,ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक बीडीओ को शो-काउज किया गया। उन्होंने सभी को अपने निर्धारित स्थल पर हाजिरी बनाने पर बल दिया। इसके अलावे उताकी पंचायत के पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक का वेतन रोका गया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने पंचायत में संचालित मनरेगा एवं आवास के योजनाओं की समीक्षा भी की। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नेतरहाट पार्क में लोअर घघरी, अपर घघरी व नैना वॉटरफॉल तक पर्यटकों की नो एंट्री

## पर्यटक स्थल मार्ग बाधित होने से निराश लौट रहे सैकड़ो पर्यटक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**महुआडांड़/लातेहार :** राज्य और देश भर में अपने खूबसूरत प्राकृतिक वादियों के लिए प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नेतरहाट इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। यहां प्रतिदिन सैकड़ो पर्यटक घूमने आते हैं जिनमें झारखंड के अलावा देश के विभिन्न राज्यों एवं विदेश तक के पर्यटक शामिल है। लेकिन जिस उत्साह के साथ पर्यटक यहां घूमने आ रहे हैं, कई जगहों पर प्रवेश वर्जित होने की वजह से पर्यटकों में निराशा देखी जा रही है। सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर इन खूबसूरत प्राकृतिक वादियों को और भी संवारने का काम



किया जा रहा है। जिसके लिए कई पार्क बनाए गए हैं तो वहीं पर्यटकों के मनोरंजन के लिए बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। लेकिन डेढ़ वर्षों के बाद भी इनका टेंडर नहीं होने से सभी पार्क एवं बोटिंग सुविधा बंद पड़ी है। कोयल व्यू प्वाइंट समेत कई पार्कों में पर्यटकों की नो एंट्री नेतरहाट में सूर्योदय एवं सूर्यास्त के मनमोहक नजारों के अलावा कोयल व्यू प्वाइंट पर प्राकृतिक अद्भुत नजारा भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बिंदु है। जहां सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पार्क का निर्माण कराया गया है। जो इसे और भी खूबसूरत बनाता है, लेकिन इसके निर्माण पूर्ण हुए एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह बंद पड़ा हुआ है जहां पर्यटकों की नो एंट्री है। इस पार्क के निर्माण से पूर्व यह पर्यटकों की काफी भीड़ होती थी। दोनों ओर से चिड़ वनों से घिरे इस पॉइंट पर ऊंचाई से प्राकृतिक वादियो के नजरों का लुफ्त पर्यटक उठाते थे। खूबसूरत वादियो के बीच सफेद चांदी सा कोयल नदी ऐसा प्रतीत होता जैसे प्रकृति ने कोई सिंगार किया हो। पर्यटकों का कहना है कि यहां काफी खूबसूरत सेल्फी एवं फोटोशूट लिए जा सकते हैं क्योंकि यहां लिए गए फोटो में बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक व्यू मिलता है। इस पार्क के बंद होने से पर्यटकों में काफी मायूसी है ।वहीं लेक व्यू प्वाइंट पार्क के मेंन गेट पर पार्क बंद है का बोर्ड लगा दिया गया है। हालांकि तालाब में लेक व्यू नौका बिहार पर पैडल बोट के अलावा बैटरी मोटर से संचालित बोट लगाए गए हैं। जिनका भी संचालन बिना टेंडर के कराया जा रहा है। जिसमें स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड का रसीद काटते हुए एक बोट के लिए 300 से 500 रूपए पर्यटकों से लिया जा रहा है। इस संबंध में स्वावलंबी सहकारी समिति के अध्यक्ष अमन उरांव ने बताया की यहां पर्यटकों को नौका विहार करने के लिए हम तीन लोगों को ट्रेनिंग देखकर नियुक्ति पत्र भी दिया गया था। लेकिन डेढ़ वर्षो से हम लोगों का वेतन नहीं मिला। जिससे हमारे जीव कोपार्जन के लिए भी भारी मुसीबत हो रही थी। जिस पर विभाग से बात करने पर मौखिक रूप से यहां बोटिंग कराने का आदेश प्राप्त हुआ, जिस पर एक दर निर्धारित करते हुए नौका विहार कराया जा रहा है। ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को बैरंग वापस न लौटना पड़े और हमें भी इससे परिवार चलाने के लिए आर्थिक मदद मिल पा रही है। यहां जो भी आमदनी होती है ।

### स्टेडियम की भूमि के साथ तालाब अतिक्रमण को मुक्त कराये उपायुक्त : रूचिर तिवारी

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने पलामू उपायुक्त महोदय एवं नगर आयुक्त के द्वारा डॉक्टर आरपी सिंह के क्लीनिक के सामने खाली पड़े मैदान का निरीक्षण कर उसमें इनडोर स्टेडियम बनाने का कदम स्वागत योग है बताया है और उन्होंने कहा कि पलामू उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारी का नजर उस मैदान पर गया उस मैदान के कुछ भाग को अतिक्रमण कर लिया गया है जिसे हटाने का आदेश दिया गया लेकिन वही इस स्टेडियम के जमीन के बगल में बड़े रसूखदार आनंद शंकर एवं डॉक्टर आर पी सिंह एवं अन्य

## एक झलक

### अवैध माइका खनन रोकने के लिए छापेमारी

**कोडरमा** : वन विभाग की टीम और कोडरमा पुलिस ने छापेमारी कर तीन शक्तिमान, एक जेसीबी जब्त किया है। जंगल के इंदरवा चितरपुर स्थित लोमचाची जंगल मे अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन, तीन शक्तिमान जब्त किया है। रेंजर रामबाबू ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लोमचाची जंगल में छापेमारी की गयी। अंधेरे का लाभ देखकर चालक फरार हो गये। इस मामले में अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। जब्त वाहनों को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है। मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा माहतो गोपाल यादव के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### लोकसभा में उठाया गया मंडल डैम निर्माण का मामला

**पलामू** : सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) निर्माण कार्य से संबंधित मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि लातेहार जिला में उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना स्थित है। इस परियोजना में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार और बिहार राज्य के गया एवं औरंगाबाद जिलों के लगभग 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराने, लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उद्योग धंधों की जरूरत की परिकल्पना है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार बनने पर 1622.27 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना के पुनर्निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। परियोजना का कार्य वाप्कोस लिमिटेड कंपनी को मिला। प्रधानमंत्री ने पांच जनवरी 2019 को इस परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में आकर रखी। प्रधानमंत्री के जरिये शिलान्यास करने के बाद पलामू प्रमण्डल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिले की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आशा जगी, परन्तु डूबे हुए क्षेत्र के ग्रामीणों के जरिये मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकार की उदासीनता के कारण लगभग छह महीने कार्य रूका रहा और निर्माण कार्य पर व्यापक असर पड़ा और तब से अब तक उक्त कंपनी के जरिये निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। कार्य शुरू नहीं होने से जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां उत्पन हो रही है।

### डिजनीलैंड मेले में लगी आग, लाखों रुपये का सामान का हुआ नुकसान

**हजारीबाग** : मटवारी गांधी मैदान में लगाए गए डिज्नीलैंड मेले के समान में बुधवार की शाम आग लग गई।धीरे-धीरे आग की लपट टेंट में उपयोग किए गए सामान को चपेट में ले लिया।जिससे 10 से 12 लाख रुपए के सामान जलकर नष्ट हो गया।आग लगने की सूचना पाकर कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।उन्होंने फायर ब्रिगेड विभाग को इसकी सूचना दी।फायर ब्रिगेड की दो दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।आगजनी की घटना कैसे हुई।किसी ने इसकी साजिश रची या ठंड में अलाव जलाने के चक्कर में यह घटना हुई।इसका पता लगाया जा रहा है।जिला फायर ब्रिगेड पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर ने बताया कि डिज्नीलैंड मेला समाप्त हो गया था।लेकिन उसका टेंट गांधी मैदान में ही पड़ा हुआ था।आगजनी की इस घटना में टेंट हाउस के बांस बल्ली, प्लास्टिक, कपड़ा, त्रिपाल, चादर और अन्य समान का नुकसान हुआ है।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न, उपायुक्त ने दिये त्वरित कार्यान्वयन के निर्देश

# आयुष्मान केन्द्रों पर सुधार और सर्वेक्षण कार्य तेज करने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं का त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। बैठक में उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत राशन और आधार कार्ड के मिसमैच से संबंधित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान मित्रों की कार्यक्षमता पर नजर रखने और निष्क्रिय कर्मियों पर कारवाई करने को कहापी भी टी जी समुदाय के शत-प्रतिशत ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करने के साथ, आयुष्मान केंद्रों पर सुधार और सर्वेक्षण कार्य तेज करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में सिकल सेल एनीमिया जांच पर विशेष जोर दिया गया। जिले में अब तक 55% नागरिकों की जांच पूरी हो चुकी है, जबकि भरनो प्रखंड में 93% नागरिकों की जांच की प्रगति संतोषजनक पाई गई। उपायुक्त ने जिले को सिकल सेल एनीमिया जांच में राज्य का पहला जिला बनाने का संकल्प जताया और बिशुनपुर प्रखंड को 100% लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। साथ ही, सिकल सेल पीड़ित बच्चों को दिव्यांग प्रमाणपत्र प्रदान कर पेंशन और अन्य सुविधाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया गया। ब्लड डोनेशन के संबंध में उपायुक्त ने जिले में न्यूनतम 1000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य तय किया और सभी अधिकारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित अभियान चलाए जाएं। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को हार्ड टू रिच इलाकों में सक्रिय रूप से संचालित करने के लिए मॉनिटरिंग को मजबूत बनाने की बात कही गई। घाघरा और बसिया के डायलिसिस सेंटर की सुविधाओं को और अधिक सशक्त बनाने और एच डबलू सी की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए। ममता वाहन सेवाओं की स्थिति और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यक्षमता पर भी चर्चा हुई। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान पोषण ट्रैकर ऐप के अपडेट को प्राथमिकता देते हुए सीडीपीओ के प्रदर्शन में सुधार लाने की आवश्यकता जताई गई। आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण और जर्जर केंद्रों के पुनर्निर्माण की समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, मातृ वंदना योजना और सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभार्थियों की सूची को अद्यतन करने और उन्हें योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने की बात कही गई। सामाजिक सुरक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति पर चर्चा के दौरान नवंबर तक किए गए भुगतान की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया।

## शहर के यात्री शेड में चल रहा होटल- फस्टफूड की दुकान

# ठंढ में फूटपाथ पर रात गुजार रहे जरूरतमंद



**हिमांशु तोमर**

**बोकारो** : बोकारो शहर में बने सभी यात्री शेड जरूरतमंदों के रहने लायक भी नहीं है, कई जगह के यात्री शेड जरर्ज व टूट फूट गया है। वहीं कई स्थनों के यात्री शेड पर होटल वालों और फार्स्टफूड चलाने वालों का कब्जा है। बढ़ती ठंड से आम लोग तो परेशान हैं, वहीं गरीब अपने बसेरा फूटपाथ पर बनाए हुए है। जरूरतमंद लोग बाजार की दुकानों और बैंकों के बरामदे में रात गुजारने को विवस है। जबकि शहर में बने यात्री शेड दुरूस्त रहने पर जरूरतमंदों को इस ठंढ में काफी रहत मिलती। सेक्टर चार सिटी सेन्टर स्थित यात्री शेड में होटल व मेश के अलावे फास्टफूड की दुकाने चल रही है। जबकि सेक्टर वन सिटी थाना के पास व सेक्टर तीन श्रीकृष्णा मोड़ के पास यात्री शेड में अवैध रूप से मांसिक विक्षिप्त आदमी कब्जा कर रखा है। इस तहर सेक्टर तीन में बने दो-तीन यात्री शेड टूट फूट कर जर्जर हो गया है,जो किसी लायक नहीं है। इसके अलावे शहर में बने कई यात्री शेड़ बेकार पड़ा हुआ है। जिसका बेहरत रख रखाव से गरीबों व जरूरतमंद लोगों को काफी राहत मिल सकती थी।वहीं सेक्टर वन राममंदिर व सेक्टर 12 मोड़ में बने रिक्सा पड़ाव में भी लोग खुले में रात गुजार रहे है। इसके अलावे बस स्टेंड नयामोड़ में भी लोग खुले आसमान व दुकान के बाहर रात गुजार रहे है। बोकारो शहर में नहीं है रैन बसेरा बोकारो स्टील सिटी में एक भी रैन बसेरा नहीं है।

### कोडरमा यूनिट डीवीसी का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र होगा : एस सुरेश

**कोडरमा** : जिले के जयनगर प्रखंड के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र फेज 2 का कार्य शुरू हो गया है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के जरिये स्वागत गीत के साथ किया गया। वहीं भूमि पूजन धीरेंद्र झा, उपेंद्र कुमार पांडेय के जरिये विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मुख्य पुजारी कनीय अभियंता श्याम सुंदर मोरिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना प्रधान सह मुख्य अभियंता मनोज कुमार ठाकुर , संचालन मानवी झा एवं सविता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डीवीसी अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने कहा कि आप सबों और डीवीसी प्रबंधन के प्रयास से यह कार्य सफल हुआ है।

## ग्रिजली कॉलेज में पूर्ण आंतरिक केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पूर्व आंतरिक केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)दिसंबर 2024 का सफल आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 एवं 2024-26 के प्रशिक्षु सम्मिलित हुए। *इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्ण आंतरिक केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (उळएळ) के आयोजन से प्रशिक्षुओं में परीक्षा को उत्तीर्ण करने के विविध कौशलों एवं तकनीकी का सृजन एवं विकास होता है जो प्रशिक्षुओं को उनके लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर करता है। परीक्षा में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 एवं 24-26 के प्रशिक्षु दीपा नाथ, कोमल कुमारी, स्मिता रंजन, गुलाब कुमार, नुशरत जहां, सिमरन कौर, सकीना खातून, अक्षय रविदास, निरंजन कुमार, शीतल कुमारी, रोहित कुमार रौशन, दीप्ति कुमारी, काजल कुमारी, नैंसी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रवीना कुमारी, डौली कुमारी, द्रोपति कुमारी, नंदनी कुमारी, गुड़िया कुमारी, अरुण कुमार यादव, ममता कुमारी, सिंपी कुमारी, पारुल कुमारी, रिंकी कुमारी एवं अन्य। उक्त परीक्षा आयोजन में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा एवं चुन्नु कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्पूर्ण परीक्षा प्रभारी मनीष कुमार सिन्हा के देख रेख में सम्पन्न की गई।

# झामुमो जिला कमेटी ने मदनगुंडी टोल प्लाजा को टोल टैक्स मुक्त करने के लिए किया प्रदर्शन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : चंदवारा मदन गुंडी टोल प्लाजा पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति कोडरमा के नेतृत्व में,ल12 एवं स्थानीय लोगों को आधार कार्ड के आधार पर टोल टैक्स शुल्क नहीं लेने संबंधित एक ज्ञापन सौंपा गया मौके पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे जिला सचिव पवन माइकल कुजूर केंद्रीय समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव संजय पांडे इस्लाम अंसारी बैद्यनाथ मेहता संदीप पांडे युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप गुप्ता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला तिवारी प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव दिवाकर तिवारी अशोक सिंह अब्दुल कुद्दूस गोविंद प्रसाद बिहारी उमेश यादव कामेश्वर भारती मोहम्मद अनामुल प्रदीप चौधरी मोहम्मद नौशाद इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने कुछ गतिविधियों के साथ यूनिसेफ दिवस मनाया

# बच्चों के लिए बेहतर कल, आज से होता है शुरू




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** । राज इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को यूनिसेफ दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रचार्य राहुल घोष ने यूनिसेफ के बारे में बताते हुए कहा की यूनिसेफ, जिसे संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकालीन कोष के रूप में भी जाना जाता है, हर साल 11 दिसंबर को दुनिया भर में हर बच्चे के बेहतर भविष्य की कल्पना करने के लिए मनाया जाता है। यूनिसेफ 190 से अधिक देशों और क्षेत्रों में बच्चों के जीवन को बचाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें बचपन से किशोरावस्था तक अपनी क्षमता को पूरा करने में मदद करने के लिए काम करता है। अवसर पर छात्रों ने सुरक्षित आश्रय/उचित पोषण/आपदाओं और संघर्षों से बच्चों की सुरक्षा/समानता/शिक्षा/सामाजिक समावेशन चाहने वाले हर बच्चे के अधिकारों पर नारे/कविताएँ/पोस्टर बनाए। इन गतिविधियों ने न केवल दुनिया भर के समाजों में यूनिसेफ की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा की, बल्कि साथ ही, छात्रों को यह भी एहसास हुआ कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन कैसे किया जाता है और उन्हें कैसे संरक्षित और संबोधित किया जा सकता है।इस अवसर पर कक्षा छह की सिफत रजा अपने भाषा के माध्यम से सभी को यूनिसेफ के कार्यों से अवगत कराया विद्यालय के शिक्षक एमडी इकबाल ने इस वर्ष का विषय 'हर बच्चे के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, समानता, सुरक्षा और मानवता।' के विषय में बताया और यूनिसेफ से जुड़े उनके कार्यों के बारे में उल्लेख किया ।

# भूषण तिर्की के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंत्री व विधायकों से की शिष्ट मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला विधायक श्री भूषण तिर्की बिशनपुर विधायक सह मंत्री चमरा लिंडा सिसई विधायक,जिगगा सुसारन होरो के साथ गुमला जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी झारखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के दावत पर पहुंचे और अपने प्रदेश के मुखिया के आदर सम्मान को स्वीकारते हुए और उनकी वाणी को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात बहुत उत्साह वर्धन महसूस किया गया गुमला जिला के झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी अपने प्रदेश के विधायकों तथा मंत्री जिसमें हफीजुल हसन ,स्टीफन मरांडी, सुदीप सुरीन, चमरा लिंडा ,नलिन सोरेन दिनेश सारंगी, प्रदेश के अध्यक्ष, महासचिव व अन्य लोगों से परिचय प्राप्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया गया । इस मौके पर गुमला विधायक सह जिला अध्यक्ष श्री भूषण तिर्की मंत्री चमरा लिंडा एवं सिसई विधायक से भी गुमला जिला के पदाधिकारी ने मिलकर सरकार की नीति को अपने-अपने क्षेत्र में फैलाने के लिए अपनी वचनबद्धता मजबूत रखने का बात कही गई ।

## निर्वाचित विधायको को विधानसभा में मनोज सिंह ने किया सम्मानित, कहा

# जनहित मुद्दों को विधानसभा में मजबूती से उठायें विधायकगण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : भाजपा नेता सह झारखण्ड सेल अध्यक्ष मनोज सिंह बुधवार को झारखण्ड विधानसभा के विशेष सत्र में पहुँचे। विपक्ष के विधायक कक्ष में पहुंचकर मनोज सिंह ने विपक्ष के निर्वाचित विधायको को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विधायकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सभी विधायकगण विधानसभा में जनहित मुद्दों को मजबूती से उठाएं। जनता ने आपकी विपक्ष में रहने का मौका दिया है सरकार को आईना दिखाने का कार्य करें। मनोज सिंह ने बरही विधायक मनोज कुमार यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मानित करने वाले विधायको में बाबूलाल मरांडी, धनवार, मनोज कुमार यादव बरही, सीपी सिंह राँची, राज सिन्हा धनबाद, आलोक चौरसिया डाल्टेनगंज, जयराम महतो, डुमरी, प्रदीप प्रसाद, हजारीबाग, डॉ मंजू देवी जमुआ, नागेंद्र महतो बगोदर, प्रकाश राम लातेहार, नवीन जायसवाल हटिया, उज्ज्वल दास सिमरिया, रौशन लाल चौधरी बड़कागांव, तिवारी महतो शामिल थे।

### स्कूल से घर जा रही छात्रा का करकट से कटा गला

**पलामू** : राजकीय मध्य विद्यालय तरहसी से छुट्टी के बाद घर लौट रही वर्ग छह की छात्रा सौम्या कुमारी का करकट से गला कट गया। गंभीर अवस्था में उसे उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। छात्रा सौम्या अपने मामा के घर तरहसी में रहकर पढ़ाई करती थी। छात्रा के पिता का कृष्णा तिवारी है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को स्कूल से छुट्टी होने पर छात्रा सौम्या अपनी सहपाठियों के साथ घर जा रही थी।

## संजय पासवान ने मईयां योजना के आवेदनों में सुधार के लिए मुख्यमंत्री से विशेष कैम्प लगाने का किया आग्रह

# गृहिणी और गरीब महिलाओं को मिली है काफी खुशी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का एक शिष्टमंडल मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर विधानसभा चुनाव में उनके नेतृत्व में धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की भारी जीत पर उन्हें बधाई दिया। शिष्टमंडल का नेतृत्व सीपीएम पोलिट ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात ने किया। मुख्यमंत्री से करीब आधे घंटे तक की वार्ता में झारखंड के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुइ। शिष्टमंडल में शामिल पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य और स्थानीय ट्रेड यूनियन नेता संजय पासवान ने मुख्यमंत्री से महत्वाकांक्षी मईयां सम्मान योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे गृहणी और गरीब महिलाओं को काफी खुशी मिली है. अब अपने निजी जरूरतों के लिए पति और माता पिता पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है ।लेकिन राज्य की हजारों गरीब और जरूरतमंद महिला इस योजना से वंचित हैं ।हजारों आवेदनों की इंट्री में प्रज्ञा केंद्रों द्वारा बैंक एकाउंट नंबर या आईएफएससी कोड भरने में गलती कर दिया गया है ।जिसके कारण रोज हजारों वंचित महिला प्रखंड व अंचल कार्यालयों में सुबह से ही लाईन लगाकर खड़ी हो जाती है. लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है । उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि विशेष कैम्प लगाकर त्रुटिपूर्ण आवेदनों में सुधार किया जाए । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुधार पोर्टल को जल्द चालू करने का आश्वासन दिया ।


**कार्यालय :– जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा**
**Email Id – dholohardaga@gmail.com**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरर्बन फार्मिंग" के तहत् विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0.सं0. | कार्यअवयव का नाम | मात्रा / सं0 |
|---|---|---|
| 1 | प्रोमोशन ऑफ अरर्बन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति | आवश्यकतानुसार |

नोटः–
1. निविदा की सामाग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकरी, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है। विस्तृत शर्त एवं दिशा–निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 21-12-2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा में व्यक्तिगत रूप / डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को दिनांक 24-12-2024 के पूर्वाहन 11:30 बजे उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला क्रय समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता में खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

ह0/–
जिला उद्यान पदाधिकरी,
लोहरदगा।

PR 341744 (Lohardaga) 24-25 (D)

**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 56 /2024-25 Date:-10-12-2024

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC Road from Turkbad Chowk to khel Maidan , Barkatha, Hazaribag. | 2492900/- | 50000/- | 5000/- | 02 Month |
| 2 | Construction of PCC Road from Bisheshwar Saws House to Pawan Paswan House at Gali No-10 in Babapath ,Block- Sadar,District- Hazaribag | 2488000/- | 50000/- | 5000/- | 02 Month |
| 3 | Construction of PCC Road from NH-33 to Chhatha Talab at Hurhuru ,Block- Sadar,District- Hazaribag | 2495000/- | 50000/- | 5000/- | 02 Month |
| A. | Date of Publication of Tender on website | 13-12-2024 | | | |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 19-12-2024 03.00 PM | | | |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag | | | |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 | | | |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 | | | |

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 341768 Building(24-25).D

# पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, आईटी, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर में लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बैंकिंग सेक्टर में आज लगातार बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। ेयर बाजार में स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 70 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.32 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.55 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 77 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,096 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,144 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,839 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 113 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,504 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,344 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,160 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 58.34 अंक की मजबूती के साथ 81,568.39 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 232.32 अंक उछल कर 81,742.37 अंक तक पहुंचा।

## संजय मल्होत्रा ने आरबीआई के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाला



**मुंबई/नयी दिल्ली :** संजय मल्होत्रा ने बुधवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के 26वें गवर्नर के तौर पर बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। मल्होत्रा ने छह साल तक आरबीआई के गवर्नर रहे शक्तिकांत दास की जगह ली है। इस मौके पर मल्होत्रा ने आरबीआई की विरासत को कायम रखकर इसे आगे ले जाने का वादा किया। संजय मल्होत्रा ने आरबीआई गवर्नर का पदभार संभालने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वे आरबीआई की विरासत को कायम रखेंगे और इसे आगे ले जाएंगे। शक्तिकांत दास से पदभार ग्रहण करने के बाद मल्होत्रा ने कहा, नीति में स्थिरता और निरंतरता बहुत महत्वपूर्ण है। इस संस्था में विश्वास बनाए रखने के लिए जनहित में निर्णय लिए जाएंगे। उनके साथ डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. एम राजेश्वर राव और टी. रबी शंकर भी मौजूद रहे। इससे पहले रिजर्व बैंक हेड क्वार्टर पहुंचने पर संजय मल्होत्रा का आरबीआई के वरिष्ठ कर्मचारियों ने स्वागत किया। मल्होत्रा ने 3 सालों के लिए आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभाला है। राजस्थान के 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी मल्होत्रा के पास बिजली, वित्त तथा कराधान जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ सार्वजनिक नीति में तीन दशक से अधिक का अनुभव है।

## एक झलक

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नयी दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़े आने के पहले अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,034.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,688.98 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.06 प्रतिशत फिसल कर 44,219.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान कमजोरी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,280.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.15 प्रतिशत लुढक कर 7,394.78 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.08 प्रतिशत फिसल कर 20,329.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### प्राइमरी मार्केट में पांच कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग

**नयी दिल्ली :** विशाल मेगा मार्ट और मोबिक्विक समेत समेत पांच कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग से प्राइमरी मार्केट में हलचल बनी हुई है। इनमें तीन कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं, जबकि दो कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। इन सभी आईपीओ में 13 दिसंबर तक पैसा लगाया जा सकेगा। इन कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग 18 दिसंबर को होगी।

विशाल मेगा मार्ट का 8,000 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ है। ये आईपीओ 13 दिसंबर को क्लोज होगा। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 74 से 78 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 190 शेयर का है। विशाल मेगा मार्ट के शेयर भी 18 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। आज ही मोबिक्विक का 572 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। इश्यू में 13 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 265 से 279 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 53 शेयर का है। कंपनी के शेयरों की 18 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग होगी। इसी तरह साई लाइफ साइंसेज का 3,042.62 करोड़ रुपये का आईपीओ आज ओपन हुआ है। इस आईपीओ में भी 13 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 522 से 549 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 27 शेयर का है। कंपनी के शेयर 18 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। आज ही सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट का 50 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है।

## सैमसंग ने एंटरप्राइज एडिशन गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन किया लॉन्च




**रांची/पटना :** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 के एंटरप्राइज एडिशन को लॉन्च किया है। इन डिवाइसों में व्यवसायों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्नत फीचर्स दिए गए हैं। इनमें लाइव ट्रांसलेशन, इंटरप्रेटर, नोट असिस्ट और गूगल के साथ सर्च जैसे गैलेक्सी एआई फीचर्स शामिल हैं। साथ ही, डिवाइस डिफेंस-ग्रेड सुरक्षा, लंबे समय तक टिकने वाले प्रोडक्ट लाइफ साइकल और बेहतर सपोर्ट प्रदान करते हैं। यह लॉन्च हाल ही में सफल हुए सैमसंग एक्सकवर7 स्मार्टफोन के बाद किया गया है। आज के समय में, बड़ी और अलग-अलग टीमों को प्रबंधित करने वाले व्यवसायों के लिए एंटरप्राइज एडिशन डिवाइस एक वरदान साबित हो रहे हैं। ये डिवाइस संगठनों में मोबाइल तकनीक को आसानी से कॉन्फिगर, अपडेट, तैनात और ऑपरेट करने में मदद करते हैं। यह व्यवसायों को सुरक्षित और विश्वसनीय तकनीक से जुड़े रहने की गारंटी देता है, ताकि उनकी टीमें बिना किसी बाधा के लगातार काम करती रहें। सैमसंग इंडिया के एंटरप्राइज बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट आकाश सक्सेना ने कहा कि गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 का एंटरप्राइज एडिशन भारत के तेजी से बदलते कारोबारी माहौल के लिए डिजाइन किया गया है। ये डिवाइस डेटा की सुरक्षा, दीर्घकालिक सपोर्ट और तेज तैनाती सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ ही, ये उद्यमों को बेहतर नियंत्रण, विश्वास और टेक्नोलॉजी का सुरक्षित उपयोग करने में सक्षम बनाते हैं। हमारा उद्देश्य व्यवसायों को बिना किसी परेशानी के सुरक्षित और टिकाऊ तरीके से नई टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने में मदद करना है, ताकि वे आगे बढ़ सकें और सफलता हासिल कर सकें।

## एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटा कर किया 6.5 फीसदी

**नयी दिल्ली :** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी से घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। इसके साथ ही एडीबी ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश के सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ के अनुमान को 7.2 फीसदी से घटाकर सात फीसदी कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसी एडीबी ओर से जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी व्यापार, राजकोषीय तथा आव्रजन नीतियों में बदलाव की वजह से विकासशील एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में वृद्धि प्रभावित हो सकती है और महंगाई बढ़ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के 2024 में 4.9 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो एडीबी के सितंबर में लगाए गए पांच फीसदी के अनुमान से थोड़ा कम है।

### वित्त मंत्री ने उद्योग जगत से पिछले दशक में सीखे गये सबक के आधार पर खुद को बदलने का किया आह्वान

## वैश्विक चिंताओं को दूर करने के लिए प्रमुख हितधारकों के बीच साझेदारी बनायें : सीतारमण




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि वैश्विक चिंताओं को दूर करने के लिए प्रमुख हितधारकों के बीच साझेदारी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग जगत के वाणिज्यिक विचार अर्थव्यवस्था, राष्ट्र की प्राथमिकताओं और रणनीतिक जरूरतों के साथ मेल खाने चाहिए। वित्त मंत्री ने उद्योग जगत से पिछले दशक में सीखे गए सबक के आधार पर खुद को बदलने का आह्वान किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक आर्थिक नीति मंच (जीईपीएफ) 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने आगे कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाएं व्यापक होनी चाहिए, अन्यथा भू-राजनीतिक जोखिम इसे बाधित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग को नई चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर विचार करना होगा। सीतारमण ने कहा कि सरकार इस बात को लेकर सचेत है कि आने वाली पीढ़ियों पर कर्ज का ऐसा बोझ न हो, जिसका प्रबंधन करना मुश्किल हो। सीतारमण ने अपने संबोधन में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग जगत के नेताओं, नीति निमार्ताओं, नागरिकों और वैश्विक मंचों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय उद्योग जगत के वाणिज्यिक विचार अर्थव्यवस्था, राष्ट्र की प्राथमिकताओं और रणनीतिक जरूरतों के साथ मेल खाने चाहिए। इस अवसर पर भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी, मालदीव के वित्त मंत्री मूसा जमीर, वित्त सचिव एवं दीपम सचिव और सीआईआई के

## स्विगी ने रांची में की 'बोल्ट' सर्विस की शुरूआत, मात्र 10 मिनट में होगी डिलीवरी

**रांची :** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी लिमिटेड ( एनएसईः स्विगी) ने आज रांची में अपनी बोल्ट सर्विस के विस्तार का एलान किया है, जिसके माध्यम से 10 मिनट में फूड डिलीवर किया जाता है। बोल्ट सर्विस लोकप्रिय रेस्टोरेंट एवं क्यूएसआर से मात्र 10 मिनट में डिलीवर करते हुए फ्रेश एवं क्विक-टु-प्रिपेयर फूड्स की डिलीवरी को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। स्विगी ने देशभर में 400 से ज्यादा शहरों में बोल्ट सर्विस का विस्तार किया है और 40,000 से ज्यादा रेस्टोरेंट्स के माध्यम से 10 लाख से ज्यादा फूड आइटम्स डिलीवर कर रही है। रांची के ग्राहक शहर के 367 रेस्टोरेंट्स के 13 क्यूजिन्स की 6.7 हजार डिशेज में से अपनी पसंदीदा डिश ऑर्डर कर सकेंगे। रांची के ग्राहक कावेरी-लालपुर, द डॉल्फिनोज रिजॉर्ट, जश्न द रेस्टोरेंट, सीजन्स रेस्टोरेंट द बेस्ट, पंजाबी किचन-लालपुर, कुप्पुस्वामी और कावेरीज जैसे शीर्ष रेस्टोरेंट्स से ऑर्डर कर सकेंगे। रांची में कुल ऑर्डर्स में से 7.8 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी बोल्ट की है। स्विगी के नेशनल बिजनेस हेड सिद्धार्थ भाकू ने कहा, बोल्ट सर्विस स्विगी की तरफ से एक नया इनोवेशन है, जिसका उद्देश्य देशभर के ग्राहकों को अद्वितीय सहूलियत प्रदान करना है। बात चाहे हमेशा से लोकप्रिय बिरयानी की हो या प्रसिद्ध धुसका की, हम रांची के लोगों के पसंदीदा व्यंजनों को उनकी आसान पहुंच में ला रहे हैं।

## सर्राफा बाजार में जबरदस्त तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी नजर आ रही है। सोना आज 770 रुपये से लेकर 820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी ने भी आज 4,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक की छलांग लगाई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,750 रुपये से लेकर 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,220 रुपये से लेकर 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 में एल्जी का नया पीजी 850एस-290 पोर्टेबल कंप्रेसर लॉन्च



**नयी दिल्ली :** एयर कंप्रेसर मैन्युफैक्चरिंग में ग्लोबल लीडर, एल्जी इक्विपमेंट्स लिमिटेड (बीएसईः 522074 एनएसईः एल्जीइक्विप) ने बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 के 7वें संस्करण में अपना नया इनोवेशन, पीजी 850एस-290 पोर्टेबल एयर कंप्रेसर लॉन्च किया। यह इवेंट इंडिया एक्सपो सेंटर, दिल्ली एनसीआर में हो रहा है। एल्जी के आउटडोर बूथ, ओजी 30 में इलेक्ट्रिक-पॉवर्ड पीजी 110 ई, पीजी 132 ई, पीजी 22 ई और डीजल-पॉवर्ड पीजी550-215 पोर्टेबल एयर कंप्रेसर्स भी प्रदर्शित हैं, जो भारत में माइनिंग और कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में व्यापक रूप से अपनाए जाते हैं। इस ट्रेड शो में 1000 से अधिक एक्सहिबिटर्स, 75,000 विजिटर्स तथा कंस्ट्रक्शन, माइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के प्रमुख डिसीजन-मेकर्स के शामिल होने की उम्मीद है। पीजी 850एस-290 पोर्टेबल एयर कंप्रेसर को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह शानदार परफॉर्मेंस सुनिश्चित करे और कुशलता से काम करे। इसमें एक इंटेलिजेंट कंट्रोल सिस्टम शामिल है, जो न सिर्फ ड्रिलिंग ऑपरेशन्स को अनुकूलित करता है, बल्कि फ्यूल की खपत को भी कम करता है। एयर इनटेक के मामले में इसके टर्बो प्री-क्लीनर्स, धूल भरे वातावरण में भी बेहतरी से काम करते हैं, जिससे यह विषम अनुप्रयोगों के लिए आदर्श विकल्प बन जाता है। इस कंप्रेसर में ड्यूअल प्रेशर मोड्स हैं, जो संचालन की विभिन्न जरूरतों के अनुसार खुद को ढाल लेते हैं। इसकी ऊर्जा-कुशल स्क्रू प्रोफाइल, ऊर्जा बचत से समझौता किए बिना इसे बेहतरीन परफॉर्मेंस देती है। इसकी डिजाइन कम रखरखाव सुनिश्चित करती है। इस प्रकार, इसमें परिचालन लागत कम लगती है और विश्वसनीयता बढ़ती है। पीजी 850एस-290 को विशेष रूप से एक्सकैवेटर-माउंटेड ड्रिलिंग एप्लिकेशन्स के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका कॉम्पैक्ट बिल्ड इसे एक्सकैवेटर्स के साथ सहज इंटीग्रेशन की सुविधा देता है। इसकी रग्ड कैनोपी डिजाइन इसे माइनिंग के कठोर वातावरण में भी टिकाऊ और मजबूत बनाने का काम करती है। इसमें एक्सक्लूसिव एंटी-वाइब्रेशन माउंटिंग (एवीएम) पैड्स हैं, जो संचालन के दौरान उत्कृष्ट स्थिरता प्रदान करते हैं। ड्राइव सिस्टम और एयर-ऑइल सेपरेटर टैंक्स में ये विशिष्ट सख्त माउंटिंग पैड्स लगे हुए हैं, जो अधिक मांग वाली एप्लिकेशन्स में स्थायित्वता और परफॉर्मेंस को और भी अधिक बढ़ाते हैं।

## पेज एक के शेष

**संघीय ढांचे की स्वस्थ परम्परा को आगे बढ़ायेगी सरकार : राज्यपाल...**

विधानसभा की आदर्श परम्पराओं और कीर्ति को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है।

राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र और राज्य के परस्पर सहयोग से ही राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास सम्भव है, इस अवधारणा के हम पक्षधर हैं। हमारी सरकार संघीय ढांचे की स्वस्थ परम्परा को आगे बढ़ाने का काम करेगी तथा भारत की गरिमामयी विरासत का सम्मान करते हुए कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना के अनुरूप जनहित के व्यापक कार्य करेगी। आप सभी के माध्यम से राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गरिमामय और गौरवपूर्ण चचाओं का साक्षी बनेगा। यह सदन अपने विधायी कार्यों से झारखण्ड राज्य को प्रगति के शिखर तक ले जायेगा।

राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि, जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के प्रतीक होते हैं। षष्ठम विधानसभा की शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में एक मजबूत और स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है। यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ेगी। हमारी सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्त्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज के वंचितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों एवं गरीबों की खुशहाली के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के त्याग और बलिदान को हृदय में आत्मसात करते हुए द्वेष, घृणा, अहंकार, प्रतिशोध से दूर रहने का प्रण लेकर कार्य करेगी। झारखंडी अस्मिता को केन्द्र में रख कर सजग, सुलभ, स्वच्छ, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से राज्य को प्रगति के उच्च शिखर पर ले जाने के लिए संकल्पित है।

**राज्यपाल ने बतायीं राज्य सरकार की भावी योजनाएं**

- केन्द्र सरकार एवं उनकी कम्पनियों के पास पड़ा राज्य का बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये वापस लाने के लिए राज्य सरकार कानूनी रास्ता भी अपनायेगी।
- हो, मुंडारी, कुडुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल की जायेगी।
- सरकार आदिवासी-मूलवासी को स्थानीय नीति बना कर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है।
- पांचवीं विधानसभा ने सर्वसम्मति से पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, आदिवासी को 28 प्रतिशत और दलित को 12 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक एवं सरना-आदिवासी धर्म कोड को पारित कर स्वीकृति के लिए केन्द्र सरकार के पास भेजा है, जो अभी गृह मंत्रालय में लम्बित है। इस कार्यकाल में केन्द्र सरकार से इन विषयों को स्वीकृत कराने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।
- वर्षों से खासमहल एवं जमाबंदी की जमीनों पर रह रहे परिवारों को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ-साथ गैरमजरूवा जमीन पर बसे रैयतों की भूमि, जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गयी थी, उसे प्रारम्भ किया जायेगा।
- राज्य में निबन्धित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा।
- सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जायेगी, जब तक राज्य के सभी निवेशकों का भुगतान न हो जाये।
- राज्य के जिन सहारा पीड़ितों ने अपने प्राण गंवाये, याद दुःख-अवसाद में आत्महत्या करने को मजबूर हुए, उनके परिजनों को सरकारी स्तर पर आर्थिक सहयोग दिया जायेगा।
- किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।
- मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है। इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के साथ-साथ राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी, जिससे उन्हें न्यूनतम 350 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल सके।
- राज्य में अवस्थित विभिन्न नदियों एवं डैम के पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गयी लिफ्ट इरिगेशन योजना को आगे बढ़ाते हुए 10,000 करोड़ रुपये की योजनाएं प्रारम्भ की जायेंगी।
- राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना करेंगे। सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जायेगी। साथ ही 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारम्भ किये जायेंगे।
- राज्य में प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं प्रत्येक अनुमंडल में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी।
- राज्य में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए 15 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।
- सभी प्रखंडों और जिलों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी सह शिक्षा सहयोग केन्द्रों की स्थापना की जायेगी।
- केजी क्लास से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।
- राज्य में 60,000 पदों पर शिक्षकों, 15,000 पदों पर प्रधानाध्यापकों, विभिन्न कार्यालयों में 2,500 पदों पर लिपिकों और विभिन्न थानों में 10,000 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी।
- क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 10,000 पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी।
- राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जायेगा।
- राज्य में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन किया जायेगा।
- राज्य सरकार की सभी नियुक्तियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित किये जायेंगे।
- राज्य की सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि के रूप में 2,500 रुपये हर महीने दिये जायेंगे।
- आंगनबाड़ी सेविका, आंगनबाड़ी सहायिका, रसोईया, पोषण सखी, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया आदि के मानदेय में हमारी सरकार ने सम्मानजनक वृद्धि की है। इस कार्यकाल में इनके मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वार्षिक वृद्धि की जायेगी।
- राज्य में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी राखी मंडल की महिलाओं को 15,000 करोड़ रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।
- सक्रिय महिला, समन्वयक कार्यक्रम पदाधिकारी, जेएसएलपीएस से जुड़े सभी कर्मियों के मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वृद्धि की जायेगी।
- प्रत्येक ग्राम संगठन को 0 प्रतिशत ब्याज दर पर 15-15 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराया जायेगा।
- राज्य के सभी जरूरतमंद परिवारों को 15 लाख रुपये के अनुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ा जायेगा।
- राज्य के सभी गरीब व्यक्ति को प्रति महीने 07 किलोग्राम चावल और 02 किलोग्राम दाल उपलब्ध कराये जायेंगे।
- अबुआ आवास योजना के तहत 25 लाख से अधिक गरीब परिवारों को सुविधायुक्त तीन कमरों का सुन्दर आवास चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जायेगा।
- आंगनबाड़ी केन्द्रों और विद्यालयों के मध्याह्न भोजन में सभी बच्चों को प्रति दिन अंडा या फल दिया जायेगा।
- रांची सहित राज्य के अन्य शहरों में वर्षों पूर्व बनाये गये घरों के नक्शों का नियमितीकरण किया जायेगा।
- वन विभाग के अंतर्गत इको टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का निर्माण करते हुए राज्य के वन क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए आवश्यक अवसंरचनाओं का निर्माण एवं संचालन किया जायेगा।
- राज्य कर्मियों की पुरानी पेंशन को सुरक्षित रखते हुए उनके एनपीएस खाते में जमा राशि को केन्द्र सरकार से वापस लाने के लिए कदम उठाये जायेंगे।
- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाडियों की सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति की जायेगी।
- राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में बहुद्देशीय स्टेडियम सह खेल प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण के साथ-साथ प्रत्येक प्रमंडल में 1-1 स्पोर्ट्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जायेगा।
- राज्य में फुटबॉल, हॉकी एवं तीरंदाजी जैसे खेलों में उपलब्ध प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के क्षमता विकास के लिए तीन बहुद्देशीय प्रशिक्षण संस्थानों का निर्माण किया जायेगा।
- राज्य में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जायेगी।

**जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र करे राज्य सरकार : झारखंड हाईकोर्ट...**

झारखंड वेलफेयर स्टेट है। यहां विधानसभा चुनाव होने के बाद एक पॉपुलर सरकार भी बन चुकी है। एक बेहतर स्टेट होने के नाते झारखंड में जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरे जाने की उम्मीद की जा रही है।

कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी के कैलेंडर के तहत अगस्त माह में साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी हो जानी थी। जेपीएससी के अध्यक्ष के पद रिक्त होने से कई अभ्यर्थियों को उम्र सीमा के नुकसान होने एवं उनके करियर पर असर पड़ने की भी सम्भावना है। झारखंड में नयी सरकार का गठन हो चुका है। कैबिनेट की बैठक भी हो रही है और सदन की कार्रवाई भी चल रही है। इसके अलावा संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। ऐसे में जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर क्यों अब तक नियुक्ति नहीं हो रही है?

सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के उचित कार्रवाई कर रही है। ऐसे में जेपीएससी अध्यक्ष का रिक्त पद जैसे ही भरा जायेगा। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई तत्काल शुरू हो जाएगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा।

